कवि मानता है कि जीवन में सुख व दुःख एक दूसरे के पूरक हैं और यह शाश्वत सत्य है कि जो वस्तु आज न्यून है वह कल समृद्ध हो जायेगी। निराशा व वियोग के मध्य भी कवि सकारात्मक व आशावादी भारतीय जीवन दर्शन से जुड़ा हुआ है।

'धारामाण्डवीयम्' शतक में धारा नगरी का वैभव इसलिए समद्ध है क्योंकि वहाँ का राजा भोज सैंकड़ों दिव्य गुणों से सम्पन्न है। अतः उसके राज्य में सभी वर्ण भय रहित हैं, वहाँ तो क्रूरता भी करूणा में परिवर्तित हो जाती है। भारतीय मूल्य सांस्कृतिक मूल्यों दान, दया, दाक्षिण्य, लोकोपकारता आदि के कारण हैं तो धारा नगरी विश्वपटल पर प्रसिद्ध रही है। धारा में वैदिक ज्ञान-विज्ञान की अजस्रधारा बहती रही है। इससे कवि प्राचीन वैदिक धर्म की ओर ध्यानाकृष्ट कराना चाहते हैं –

**प्रोक्ताः कुन्तापमन्त्राः क्वचिदपि गुरूणा सामधेन्यः क्वचिच्चा-**
**प्यारण्यं समागानं क्वचिदपि सविधि प्रस्तुतं सामनिष्ठैः।**
**शौक्ल्यं कार्ष्ण्यं सयुक्ति क्वचिदपि यजुषां साधितं तत्वविद्भि-**
**र्भिन्नेभिन्ने प्रकोष्ठे विविधविर्षायिणी ज्ञानचर्चैवमासीत्।।** धारा. ५६ ।।

आत्म चिन्तन और आध्यात्मिक उन्नति हमारे समस्त दर्शनों का सार है। मुक्ति के लिए गान आवश्यक है। हमारे उपनिषदिक वाक्य **'ऋते ज्ञानान्नमुक्तिः'** प्रसिद्ध रहे हैं अतः धारानगरी भी आत्मोत्कर्ष के लिए ज्ञान की इसी परम्परा को धारण किये हुए थी। यथा –

**यत्राऽभूत्प्रागधीतिस्तदनु च विशदः स्वात्मबोधप्रकर्षो**
**रम्याऽऽचारप्रचारौ छलभयरहितौ सम्प्रवृत्तौ च पश्चात्**
**विद्याऽनेन क्रमेण चतुरधिकदशोद्योतिनी यत्नसिद्धा**
**संजाता मुक्तिहेतुर्जगति हितकारी सौख्यमांगल्यदात्री।।** धारा. ६० ।।

५. वही, पृ.  -२ ।

भारतीय परम्परा में वाग्देवी सरस्वती का विशेष महत्त्व है भोजशाला में यज्ञ वेदी और शारदासद्य में सरस्वती की प्रतिभा दर्शाती है कि शास्त्रप्रवीण राजा भोज के राज्य में सरस्वती विशेष रूप से पूजनीय रही होगी। सरस्वती की प्रतिमा को तोड़कर फैंकने पर कवि ने मुगल आक्रान्ताओं को बहुत कोसा है। देवभूमि हिमाचल तो धार्मिक आस्थाओं का केन्द्र है अतः हिमाचल वर्णन में कवि ने सभी धर्मिक स्थानों, पौराणिक मिथकों व आख्यानों का वर्णन किया है। शिमला में याकूपर्वत जो रामभक्तों के लिए तीर्थ तुल्य है का वर्णन किया गया। ऐसी मान्यता है कि संजीवनी लेकर आते हुये हनुमान जी ने यहाँ पर पर्वत रखकर बीच में विश्राम किया था।[६]

भारत में विशेषकर हिन्दू धर्म में शक्ति रूपा देवी की प्रतिष्ठा सर्वविदित है। हिमाचल प्रदेश में ज्वालादेवी का वर्णन करते हुए कवि ने समस्त पातकों को जलाने वाली के रूप में उसके महात्म्य का वर्णन किया है। यथा –

**निरन्तरप्रोज्ज्वलहेतिकल्पा, ब्रह्माण्डसौन्दर्यनिधानभूता ।**
**सुवत्सला दक्षसुरता भवानी, दहत्यलं पातकमागतानाम्।।** हिमाचल. ५४ ।।

इसी प्रकार चिन्तपूर्णी देवी जो सभी की चिन्ताओं को पूर्ण करती है। चामुण्डिका देवी तथा नैनादेवी के भी सिद्ध रम्य पीठ हिमाचल में स्थित है। यह सभी देवियाँ हमारी हिन्दू आस्था की प्रतीक हैं और शक्ति की उपासना का रूप है। धार्मिक स्थानों की चर्चा करते हुए कवि ने धर्मशाला का वर्णन किया है। धर्मशाला हमारे धर्म के लक्षण धृति क्षमा, अस्तेय, शुचिता, इन्द्रियनिग्रह, अक्रोध दया आदि का प्रकर्ष रूप है। धर्मशाला की प्रसिद्धि इसलिए भी है कि चीन द्वारा निर्वासित दलाईलामा भयरहित होकर अपने भक्तों के साथ यहाँ निवास कर रहे हैं।[७] कलयुग में धर्म को वहन करती हुई धर्मशाला अपने अन्वर्थ नाम वाली है। यथा –

**धर्मान्विता धर्मधुरि प्ररूढा, धर्मध्वजा धर्मस्तान् वहन्ती।**
**अन्वर्थनाम्नीव विभाति नूनं, कलौ कराले किल धर्मशाला।।** हिमाचल. ६१ ।।

हिन्दूधर्म की रक्षा का व्रत धारण करने वाले गुरू गोविन्द सिंह को खड्ग प्राप्ति के कारण प्रसिद्ध क्षेत्र विलासपुर सिक्ख मतावलम्बियों का तीर्थस्थल है। गुरू गोविन्द सिंह अनाचारी विधर्मियों के विनाश व स्वधर्म के अभ्युदय के व्रत को धारण करने के कारण प्रसिद्ध हैं। इसी प्रकार भक्त बालकनाथ और गुरूगोरखनाथ सम्प्रदाय का वर्णन किया है। बालकनाथ द्वारा चलाये गये संस्थानों का प्रमुख उद्देश्य विद्या रूपी औषधि के द्वारा संसार का उपकार करना है –

**अद्याऽप्यहो बालकनाथनाम्ना, संचालिता नैकविद्या निकायाः।**
**विद्यौषधद्यैर्भुवनोपकारम्, संसाधयन्तो दधते प्रतिष्ठाम्।।** हिमाचल. ७९ ।।

भारतीय गो लोक गमन की कल्पना नीड़ की ओर जाते पक्षीयों को देखकर करना कवि की भक्ति भावना को ही अभिव्यक्त करती है। यथा –

**नीडाश्रयार्थं गगनान्तरालेऽ, प्युड्डीयमानाः सकुलं विहंगाः।**
**गोलोकधाम्नि प्रथितानुरागे, गोविन्दभक्ता इव संविभान्ति।** हिमाचल. ८५ ।।

६. हिमाचलशतकम्–१८ ।
७. वही ५९–६० ।

धर्म का उद्देश्य लोक कल्याण ही होता है। कवि प्रदेश विशेष का वर्णन करते हुए वहाँ की धार्मिक मान्यताओं का वर्णन करना नहीं भूलता। हिमाचल के वर्णन में जहाँ शक्ति की उपासना का वर्चस्व है तो उज्जयिनी तो महाकालेश्वर की नगरी है अत: उज्जयिनी शतक का प्रारम्भ कवि ने महाकालेश्वर को नमन करते हुए किया है –

**प्राणिनां सर्वदु:खानि कायभूतिचयैर्हरन्।**
**अर्धनारीश्वर: पातु महाकालेश्वरो जगत्॥** उज्ज. ०१ ॥

शिव तो देवो के देव हैं। वे पूर्णकाम, दया के सिंधु हैं। उज्जयिनी महाकालेश्वर को प्रिय है, आर्षसंस्कृति को धारण करने वाली है तथा भुक्ति व मुक्ति की भूमि है। यही शिप्रा के तट पर कालभैरव का मन्दिर भी है। यह भूमि वाराणसी की तरह ही मुक्ति प्रदात्री है। इसी पृथिवी पर भर्तृहरि ने वाक्यपदीयम् लिखकर शब्दब्रह्म की प्रतिष्ठा की है। 'ब्रह्म सत्य व जगत्मिथ्या' अद्वैत सिद्धान्त का पक्षधर लेखक ने बाद्धों की परजीवी संस्कृति का विरोध किया है। हमारी भारतीय संस्कृति में कर्म का विशेष महत्त्व रहा है। गीता सम्पूर्ण विश्व को निष्काम कर्म का संदेश देती है। अत: स्वकर्म से विमुख पर उपार्जित खाद्यान्न से पौषित बौद्ध भिक्षुओं का विरोध किया गया। कवि ने कालिदास द्वारा वर्णधर्म की स्थापना करने वाली और बौद्ध धर्म की पलायनात्मिका वृत्ति का विरोध करने वाली दृष्टि को महत्त्व दिया है। यथा –

**स्वकाव्यशिक्षया नूनं सृतिं पलायनात्मिकाम्।**
**सौगतानां खलीकुर्वन् कालिदासो महीयते॥** उज्ज. ५७ ॥

स्पष्ट है कालिदास के प्रसंग में कवि ने पलायन वृत्ति का विरोध किया है तथा कर्म सिद्धान्त व स्व कर्त्तव्यों के वहन को महत्त्व दिया है। वैशालीशतकम् में मगध राज्य में बुद्ध दीक्षा से प्रभावित व बौद्ध संस्कृति के प्रभाव का वर्णन तो किया है लेकिन लेखक हिन्दू धार्मिक मान्यताओं व पौराणिक सन्दर्भों के वर्णन में जितना उलझा है वहाँ बौद्ध धर्म का मात्र नामोल्लेख कर निकल जाता है। स्पष्ट है कवि अपने सनातन हिन्दू धर्म और मान्यताओं तथा शंकर के अद्वैत दर्शन से प्रभावित है।

कवि की हिन्दू धर्म व दर्शन में प्रगाढ़ श्रद्धा है। वे नास्तिकता का पक्षधर नहीं है और न ही उसकी साम्यवाद में आस्था है। संसद में नास्तिक धर्म की परिभाषायें बताते हैं तो देखकर कवि विस्मित हैं। यथा –

**ये श्रद्धाना ननु साम्यवादे, धर्मच्युता नास्तिकताऽभ्युपेता:।**
**ते संसदि प्रज्ञापयन्ति धर्मं, दृष्ट्वेति में विस्मयमेति चित्तम॥** विस्मय. ३१ ॥

साम्यवादी सोमनाथ चटर्जी द्वारा रामजन्म पर सन्देह व्यक्त करने पर अभिराज जी विस्मित है। वोटों की राजनीति के लिए नेतागण मुस्लिमों को तुष्ट करने के लिए अपने कुलक्रमागत हिन्दूत्व की निन्दा करते है तथा मनु प्रणीत धर्म का विरोध करते है ये सब देखकर कवि विस्मय से आवाक् हैं। कवि की राम में श्रद्धा है। हिन्दू तो मज़ार दरहगाह हर जगह जाकर माथ टेक लेता है लेकिन मुसलमान की राम में निष्ठा नहीं है। मुहम्मद यहाँ भारत की धरती पर पैदा नहीं हुये फिर भी मुहम्मद साहब में निष्ठा और राम इस धरती पर पैदा हुए उसके बावजूद उनके प्रति निष्ठा न होना कवि के चित्त में विस्मय को पैदा करता है। पैगम्बर साहब तो परमेश्वर के दूत हैं किन्तु राम तो साक्षात् परमेश्वर है अत: उनके प्रति विद्वेषमयी कुदृष्टि देखकर कवि विस्मित है। भोजमहोत्सव पर माण्डव दुर्ग

देखने के बाद 'लीलाभोजराजम्' की भूमिका में कवि इसी सन्दर्भ में कहते हैं कि – ''मन में प्रश्न सा उठा क्या अधर्माचरण से कोई धर्म स्थापित हो सकता है? क्या कोई तथाकथित धर्म, सम्प्रदाय, मतवाद या आन्दोलन समूचे विश्व को अपनी स्वार्थान्ध आकांक्षा पर नचा सकता है? व्यक्ति स्वतांत्र्य के प्रति लोगों की आस्था क्यों नहीं ? और तब समझ में आता है गीता की इस पंक्ति का अर्थ **आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्।**''[८] इसी बात को कवि 'विस्मयशतकम्' के निम्न श्लोक में इस प्रकार प्रस्तुत करता है –

**यस्सार्जनं नाद्रियतेऽन्यधर्मं, स्वयं स धर्मो न च गौरवार्हः।**
**विद्वेषशिक्षों भवति क्व धर्मो, दृष्ट्वेति में विस्मयमेति चित्तम्।।** विस्मय. ५३ ।।

जो हिन्दुस्तान में रहकर राम से विद्वेष करता है। गीता को नहीं मानता और वेदत्रयी में श्रद्धा नहीं रखता, उसे भारत में रहकर यहाँ का अन्न खाने का अधिकार नहीं है। पाकशासनशतकम् में भी कवि पाकिस्तान की नीतियों की आलोचना करता है। हमारे यहाँ सभी अपने धर्मपालन में स्वतन्त्र है लेकिन 'हिन्दुत्व' से द्वैष करने वाले पाकिस्तान को धिक्कारते हुए कवि कहता है कि यथा –

**हिन्दुसाधारणं सर्वं सौख्यं भुंजन्ति तेऽनिशम्।**
**स्वधर्मपालने रक्ताः समाजे सुप्रतिष्ठिता।।**
**तथापि हन्त हिन्दुत्वं द्विषन् पाको न लज्जते।**
**जेजीव्यते किमिस्लामो जगत्यां पाकगौरवात्।।** पाक. ४९-५० ।।

इस प्रकार अपनी संकुचित वृत्ति के कारण जो भारतभूमि पर उत्पात मचा रहे हैं तथा धर्मान्धिता को फैला रहे हैं, यह सब भारत भूमि के भक्त स्वीकार नहीं करेंगे। धर्म की विविध परिभाषाओं के उपरान्त महाभारत में युधिष्ठिर अन्ततः इसी तथ्य पर पहुँचते हैं कि **'न हि मानवात् श्रेष्ठतरं किंचित्'।** अतः अपनी पाप वृत्ति से दूसरों को कष्ट पहुँचाने वाला मनुष्य न तो हिन्दू है न मुसलमान। कोई भी धर्म दूसरे को कष्ट पहुँचाने का पक्षधर नहीं है। यथा –

**स्वपापवृत्त्या नृपशुर्न किं सः, सन्तापकृद्यो हि विशां मदान्धः।**
**हिन्दुर्न चासौ न तुरूष्क एव, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्।।** विस्मय. ६१ ।।

हमारी भारतीय संस्कृति त्याग व तपस्या पर आधारित रही है। विश्वगुरू कहलाने वाली हमारी संस्कृति भोग परायण हो गयी है। कश्मीर शैवागम व माहेश्वर दर्शन का प्रमुख स्थान था जो अब आतंकवादियों का गढ़ बन चुका है। कवि यह सब देखकर विस्मित है। कवि अपने गौरवपूर्ण हिन्दू कुल में उत्पन्न होने की घोषणा का आह्वान करता है –

**सगर्वमेतत्खलु घोषणीयम्, आर्या वयं हिन्दुकुलप्रसूताः।**
**अमर्त्यपुत्राः सततं स्वतन्त्रा, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्।।** विस्मय. ९६ ।।

स्पष्ट है कि कवि हिन्दुकुल प्रसूत होने व आर्य होने पर गर्व की अनुभूति करता है। वह सनातन हिन्दू धर्म का पक्षधर है। गुर्जरशतक में भी कवि ने गुजरात में स्थित धार्मिक तीर्थो के महात्म्य को प्रस्तुत किया है। इसमें सौराष्ट्र में सामवेद के प्रचार, कृष्णभक्ति के उदय और जैनधर्म के आश्रय का वर्णन किया है। इसी प्रसंग मे

८. लीलाभोजराजम्, आत्मवाचिक, पृ.-९ ।

उन्होंने नारायण स्वामी, वेदज्ञान का प्रसार करने वाले दामोदर सातवलेकर राम कथा के गायक मुरारि बापू का भी गुणगान किया है। हिन्दू धर्म का प्रचार-प्रसार करने वाले हर साधु के प्रति कवि श्रद्धा से नत है।

हिन्दूधर्म में देवी-देवताओं की एक लम्बी सूची है संस्कृत देववाणी के उपासक कवि ने संस्कृत से द्रोह करने वालों को शाप देने के लिए सर्वप्रथम शारदा की उपासना की है। इसी क्रम में उन्होंने चण्डिका, आशुतोष शिव, लक्ष्मी, गुह्यकेश, यम, वरूण, मरुत, इन्द्र आदि समस्य पौराणिक व वैदिक देवी-देवताओं से प्रार्थना कर संस्कृत द्रोहियों के विनाश की कामना की है।

अत: कवि हिन्दकुलभूत सम्पूर्ण देवी-देवताओं विशेषकर शिव व शक्ति के विविध रूपों के प्रति श्रद्धा को धारण किये हुए है। कवि की कर्मसिद्धान्त में निष्ठा है वह पलायन के पक्ष में नहीं है। वह धर्म के शाश्वत चिरन्तन रूप के प्रति नत है तथा दूसरों के उपकार में निरत, त्याग, तप, अहिंसा, अपरिग्रह आदि शाश्वत मूल्यों का पक्षधर है। वस्तुत: वह मानवीय धर्म का परिपोषक है।

**राष्ट्रिय भावना**

संस्कृत साहित्य में राष्ट्रप्रेम की धारा अनवरत प्रवाहमान रही है। डॉ. अभिराज राजेन्द्र मिश्र अपने एक लेख 'अर्वाचीन संस्कृत कविता में जीवनदर्शन' में अपने राष्ट्र प्रेम विषयक रचनाओं की चर्चा करते हैं। भारतशतकम्, प्रभातमंगलशतकम्, भारतीपरिदेवनशतकम्, हिमाचलशतकम्, उज्जयिनीशतकम्, वैशालीशतकम्, गुर्जरशतकम् तथा भारतदण्डकम् आदि स्वतंत्र काव्यों में उनका राष्ट्र प्रेम अनेक रूपों में उभरा है उनकी इन कृतियों में भारतीपरिदेवशतकम्, हिमाचलशतकम्, उज्जयिनीशतकम्, वैशालीशतकम् व गुर्जरशतकम् हमारी शोधकृति से ही सम्बद्ध है। ''इनमें कहीं जन्मभूमि के प्रति प्रगाढ़ श्रद्धा है अथवा भक्ति दिखती है तो कहीं राष्ट्र की आज की दुर्दशा के प्रति कवियों की बेकली भी दृष्टिगोचर होती है। राष्ट्र की मर्यादा को ध्वस्त करने वाली घटिया राजनीति को प्राय: अर्वाचीन कवियों ने वाच्य अथवा व्यंग्य शैली में कोसा है।''[९]

राष्ट्रिय भावना को अभिव्यक्ति देने व राष्ट्रिय चेतना को जागृत करने का महत्त्वपूर्ण तरीका कवि कर्म या लेखन को मानता है। कवि डॉ. दयाकृष्ण विजय के शब्दों को राष्ट्रीय चेतना को अभिव्यक्त करने का श्रेष्ठ साधन मानते है। उनके अनुसार- ''मौन धारण करने, भूमिगत होने जैसे प्रसंग भी राष्ट्रीय चेतना के प्रकटीकरण का माध्यम रहे है परन्तु इन सबमें शब्द ही लोकमानस को आन्दोलित, विड़ोलित तथा झकझोरने वाला रहा है, अन्य नकारात्मक। प्रभावी दोनों है, परन्तु मंचों के ओजस्वी भाषण, गीत और कविताओं के आलम कुछ और ही होते हैं।''[१०]

डॉ. राजेन्द्र मिश्र की कविताओं में भारत राष्ट्र को गौरवगान वर्णित है। उन्होंने अपने शतक काव्यों में भारतभूमि का गौरव गान, अतीत के वैभवपूर्ण भारत का वर्णन, वर्तमान की अव्यवस्थाओं और विडम्बनाओं के चित्र तो कहीं भारतीय वीरों का देश के लिए मर मिटना व कारगिल जैसा युद्ध जीतना कवि की राष्ट्रीय भावना के ही द्योतक हैं। राष्ट्रीय भावना के अन्तर्गत निम्न बिन्दुओं पर विचार करेंगें-

---

९. दृक् VI पृ. -१२।

१०. सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और भारतीय साहित्य, डॉ. दयाकृष्ण 'विजय' घाटिका पब्लिकेशन, नई दिल्ली।

**भारतभूमि का गौरव**

हमारे यहाँ वेद से लेकर आज तक की साहित्यधारा में मातृभूमि का गौरवगान किया जाता रहा है। अथर्ववेद का 'भूमिसूक्त' पृथिवी को मात्र मिट्टी का पिण्ड न मानकर माता का गौरव प्रदान करता है। 'भारतीय परिदेवन शतकम्' में राजीव गाँधी की मृत्यु पर भारतमाता रूदन करते हुए अपने उसी गौरव का स्मरण करती है–

**याऽहमाथर्वणे वेदे ऋषिभिस्तत्त्वदर्शिभिः।**
**मतेति सत्वरं घुष्टा पृथिवीपुत्रमानिभिः॥**
**या चाहं देवतारूपा रम्योद्गीथैरूपस्तुता।**
**पृथिवीसूक्तमंत्रैस्तैर्विश्वभूमिमहीयसी॥** भारती.१४–१५ ॥

पृथिवी का गौरव तो स्वर्ग लोक से भी बढ़कर है तथा इस भारत भू पर तो खेलने के लिए देवता तक लालायित रहते हैं। स्वयं भगवान ने मत्स्य, कूर्म, वराह रूपों में आकर हर युग में पृथिवी का उद्धार किया है। वही पवित्र, रत्नगर्भा वसुन्धरा ही भारत की कीर्ति को धारण करने वाली है। यथा –

**साऽहं पूततमा धात्री रत्नगर्भा वसुन्धरा।**
**भारतनां लसत्कीर्त्या भारतीति प्रकीर्तिता॥** भारती. १९ ॥

'धारामाण्डवीयम्' में कवि ने राजाभोज के द्वारा संरक्षित व पल्लवित धारा नगर का वर्णन किया है। राजा भोज द्वारा शासित इस पृथिवी पर न आतंक न हरणकथा, न सन्धिभेद, न धर्मविरोध था और सम्पूर्ण पृथिवी रामराज्य की तरह अभ्युदय को प्राप्त थी। यथा –

**आतंको दस्युजो नो न च हरणकथा सन्धिभेदो न मित्तौ**
**नो वा धर्माविरोधो न च नृपतिभयं साधुवर्त्मस्थितानाम्।**
**भोजे शासत्यथोर्वी धृतविभवभरं रीमराज्यं पुनस्तत्**
**प्रत्यावृत्तं समाग्राभ्युदयविलसितं भारते भारतेऽस्मिन्॥** धारा. ४६ ॥

मालवा की समृद्ध व सस्यश्यामला भूमि का वर्णन करते हुए कवि कहते हैं कि –

**धन्येयं मालवी भूर्मृदुसलिलमयी सत्फला विष्णुकान्ता।**
**यस्यास्सौम्यो निसर्गोऽनुहरति निपुणं स्वीमलोकस्वभावम्॥**
**पारूष्यं प्रेक्ष्य सेयं भवति विदलिता हृत्समा रन्ध्रभिन्ना**
**किन्त्वार्द्रत्वाऽनुभूल्या भवति मृदुतरा हन्त निर्यासकल्पा॥** धारा. ६६ ॥

वैशाली की प्राचीन समृद्धि को याद करके तो कवि की आँखों में अश्रु बिन्दु बह निकलते हैं। गुर्जर भूमि जो कि कृष्ण के द्वारा सम्मानित है, जिस धरती पर भगवान कृष्ण ने लीला की हो वह धरती कवि द्वारा वन्दना के योग्य ही है।

**अयस्कान्तनिभं भाति यदीयाकर्षणं महत्।**
**अन्दनन्दनसम्मान्यां वन्दे तां गुर्जरावनीम्॥ गुर्जर. १ ॥**

धारामाण्डवीयम् में कवि अपनी मातृभूमि प्रयाग का तो अनेक स्थानों पर वर्णन करता है। यथा –

**भुक्त्वा चिराय सुरसिन्धुकलिन्दकन्या-संगप्रपूतमखभूमिनिवाससौख्यम्।**
**मिश्रोऽभिराज इह सम्प्रति देवभूमौ, श्रीमाल्यपत्तनमलंकुरूतेकृतार्थः।।** धारा.१०१।।

इसी प्रकार अपने परिचय के क्रम में ही **'हिमाचलशतकम्'** में प्रयाग का वर्णन कवि ने इस प्रकार किया है -

**तीर्थोत्तमे यामुनगांगसंग, प्रोल्लासिते प्रीततमे प्रयोग।**
**अधीतिबोधाचरणप्रचारैर्वागीश्वरीं कीर्तिकरीं समर्च्य।।** हिमाचल. ९५ ।।

कवि भारतभू के हर प्रान्त चाहे वह मालवा हो, गुर्जर प्रदेश हो, वैशाली हो या हिमाचल हो भारत भूमि के प्रति श्रद्धा से नत है। कवि का इस प्रकार का समर्पण प्रमाणित करता है कि कवि का भारत भूमि के प्रति पुत्रवत अगाध श्रद्धा व अनुराग है तथा भारत की धरती पर जन्म लेकर वह स्वयं को कृतकृत्य मानता है।

**भारत के भव्य अतीत का गौरवगान**

अपने राष्ट्र के भव्य अतीत का गौरवगान भी राष्ट्रीय भक्ति का प्रतीक है। राष्ट्र के अतीत की समृद्धि के गौरव गान से जनमानस में राष्ट्र के प्रति सर्वस्व न्यौछावर करने व उसके गौरव को वर्तमान में बनाये रखने की इच्छा जागृत होती है। कवि ने धारा नगरी के प्राचीन वैभव व समृद्धि वहाँ की स्थापत्य कला, शिक्षा संस्कृति साहित्य और कला का बहुत ही सुन्दर वर्णन किया है। धारानगरी का वैभव तो इन्द्र की राजधानी अमरावती को भी तिरस्कृत कर देता है। यथा -

**शङ्खाम्भोजप्रमाणैर्धनपतिनगरीं गूढवित्तैर्जयन्ती,**
**मद्यल्लावण्यपूरैरमरपतिपुरीञ्चाऽप्यलं खेदयन्ती।**
**भोगैर्वृन्दारकाणामनुमितिविषयै भोगवत्सास्सपत्नी,**
**याऽभूद्धारा धरित्र्यां धरणिपतिलसद्राजधानीप्रधानम्।।** धारा. ०४ ।।

इस प्रकार पृथिवी पर धारानगरी का वैभव अप्रतिम था। धारानरेश की दान देने में अत्यधिक प्रसिद्धि है। याचकों को दान देने की उसकी प्रवृत्ति को देखकर तो धनकुबेर भी विस्मित था। भोज के राज्य में वापी, कूप, तडाग, शस्त्रशालायें, शास्त्रशाला, भव्य महल, गोपुर आदि विशाल वैभव भव्य भारत के अतीत का स्मरण कराते हैं। वहाँ के भवन के मुख्य द्वार के कंगूरे और अन्दर प्रांगण में स्थित यज्ञकुंड व मणिखचित प्रांगण वैभव के साथ-साथ तत्कालीन स्थापत्य कला को भी प्रमाणित करते हैं -

**अन्तर्भागे सभा सा त्रितयदिशि युताऽऽसीद्वरण्डैस्सुदीर्घैः**
**प्रांशुस्तम्भोपरिस्थैर्नयनसुखकरालेख्यभंगिप्रपूर्णैः।**
**पंचद्वापीप्रमाणं सलिल विरहितं वेदिकांचद्विटंक**
**यत्रासीद्यज्ञकुण्डं मणिरचितवपुः प्रांगणोद्देशमधये।।** धारा. ३१ ।।

वहाँ का विशाल माण्डवदुर्ग तत्कालीन स्थापत्य का नायाब नमूना था। उसमें स्थित मुंजसरोवर, शिवालय (जो वर्तमान में होशंगशाह का मकबरा है), न्यायशाला आदि के स्थापत्य वैभव को देखकर कवि की अपने वैभव के प्रति श्रद्धा और सुदृढ़ होती है। उदाहरण देखिये -

**प्राच्यां स्थाणोर्निवेशाद् बृहदजिरवती न्यायशाला विशाला**
**रथ्यावीथीप्रतोलीमणिमयवलभीस्तम्भवेदीविभक्ता।**

**दर्शं दर्शं यदीयां स्थपतिकरकलाचातुरीं त्वष्ट्;शिल्पे**
**जागर्ति नोऽद्धा तुलयितुमनसो रूपदक्षस्य कस्य।।** धारा. ५०।।

आज हजारों साल बीतने के बाद भी विद्वानों के द्वारा भोज को याद किया जाता है और भोज की गौरवगाथा का गान लोक में भिक्षु भी मुक्तकण्ठ से गाते है। कवि, शास्त्रकार, विद्याव्यसनी, भोज के चरित्र के प्रति कवि पूर्णतः आसक्त है और भोजमहोत्सव में जाने पर माण्डवदुर्ग देखने पर कवि वेदना से विगलित है और ''धारामाण्डवीयम्'' शतक की रचना उनके उसी संवेदनापूर्ण मानसिक पृष्ठभूमि का परिणाम है।

भारतभू के अतीत के गौरव गान के क्रम में उज्जयिनीशतकम् में कवि ने शकारि विक्रमादित्य के द्वारा शासित पृथिवी का वर्णन किया है जिसके भारत वस्तु स्थिति में योगक्षेमसमन्वितः भारत था। विक्रमादित्य के गुणों व प्रजारंजन के रूप में प्रसिद्धि के कारण वे प्राचीन भारत में कीर्ति को प्राप्त था।

**यामावरैर्गीयमानो वन्दिचारणमागधैः।**
**पान्थैः प्रशंसितः प्रीत्या कीर्तितो नटनर्तकैः।**
**अनुत्सेकमलंकारं दधद् विक्रमभूपतिः।**
**समग्रे भारते ख्यातेः परां काष्ठां रूरोह सः।।** उज्ज. २२-२३।।

विक्रमादित्य के काल में वर्णाश्रम धर्म व सदाचार से संरक्षित भारत विश्व में शीर्षस्थ पर था। उज्जयिनी जहाँ विक्रमादित्य व पुष्य मित्र आदि के वीर्य व शौर्य के लिए प्रसिद्ध रही है वहाँ अर्धनारीश्वर भगवान शिव की नगरी व सान्दीपन आश्रम और कृष्ण की विद्यानगरी के रूप में भी उज्जयिनी का महत्त्व कम नहीं है।

'वैशालीशतकम्' में गण्डकी नदी (नारायणी नदी) पर स्थित वज्जिसंघ की धरती और बुद्ध की धरती कुशीनगरका वर्णन है। कवि लिच्छवियों की प्राचीन समृद्धि को याद करता है। वहाँ की गगनचुम्बी अत्र्यालिकाये और जहाँ नित्य भेरी की धवनि स्थितर यश की घोषणा करती थी अब वहाँ गीदड़ क्रन्दन कर रहे हैं।

**अभ्रंल्लिहाग्राः प्रसादा दधाना गगनश्रियम्।**
**तव भ्रूभंगमात्रेण यान्ति स्थण्डिलतांक्षणात्।।**
**यत्र भेरीरवैर्नित्यं घोष्यते स्म स्थिरं यशः।**
**चित्रं कीदृङ्नु तत्रैव दिवा क्रन्दन्ति फेरवः।।** वैशाली. ११-१२ ।।

वैशाली के प्रदेश का महत्त्व यहाँ स्वयं विष्णुप्रिया जानकी का जन्म हुआ और विशाल नाम के राजा के द्वारा संस्थापित यह नगरी वैशाली नाम से प्रसिद्ध थी। यह वज्जियों की राजधानी थी तथा तथागत बुद्ध की इस स्थान के प्रति विशेष प्रीति रही है। शताब्दी पूर्व मगधों का साम्राज्य सम्पूर्ण भूमण्डल पर राजशक्ति का निदर्शन था। वैशाली की धरती नालन्दा व विक्रमशिला विश्वविद्यालयों की वजह से भी प्रसिद्ध रही है। उदारविश्वबन्धुत्व व तथागत के उपदेशों के द्वारा यह धरती अनुगृहीत रही है परन्तु मुगलों ने यहाँ के शिक्षा केन्द्रों व सम्पूर्ण संस्कृति को जलाकर राख कर दिया। कवि वैशाली के भग्नावशेषों को देखकर अत्यन्त दुःखी है और प्रार्थना करता है कि भविष्य में भारत का कोई प्रदेश वैशाली की तरह अपने लोगों के वैमनस्य द्वारा नष्ट न हो। यथा –

**वैशालीव क्वचिद्राष्ट्रं भारतं विबुधप्रियम्।**
**यायान्न नामशेषत्वं स्वजनद्रोहधर्षितम्।।** वैशाली. ९६ ।।

कवि की यह कामना उनके राष्ट्रप्रेम को ही अभिव्यक्त करती है।

'गुर्जरशतकम्' में प्राचीन आनर्तदेश (सौराष्ट्र) के रूप में वर्णन है। कवि ने गुजरात के महत्त्वपूर्ण स्थानों वहाँ उत्पन्न हुए महापुरूषों के कारण वहाँ के महत्त्व को दर्शाया है। गुजरात का महत्त्व वहाँ पोरबन्दर में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के कारण ओर बढ़ जाता है। गांधी जी भारत माता की परतन्त्रता रूपी कालिमा को दूर करने के लिए सूर्य के समान उदित हुए। उन्होंने सत्य अहिंसा के बल पर स्वतन्त्रता संग्राम जीता और भारतमाता कों अंग्रेजों से मुक्त कराया।

**भारतमातरं दीनां मोचयित्वा पराभवात्।**
**गन्धिवर्यो महात्मासौ जातो राष्ट्रपिता महान्।।** गुर्जर. ४४ ।।

गुजरात की धरती धर्म, कला, लोकसंस्कृति आदि के कारण विख्यात रही है। सस्यश्यामला गुजरात की धरती के स्मरण मात्र से कवि प्रसन्न हो जाता है अत: इस धरती को नमन करते हुए अभिराज राजेन्द्र जी कहते हैं–

**तामहं नौमि पौराणी धरित्रीममृतान्धसाम्।**
**यस्याः स्मरणमात्रेण प्रहृष्टं जायते मनः।।** गुर्जर. ८२ ।।

गुजरात की आर्यधर्म को धारण करने वाली भत्र्ही, माघ, हेमचन्द्र याज्ञिक आदि संस्कृत कवियों की धरती, गाँधी, पटेल, दयानन्द जैसे महापुरूषों की इस धरती पर पुन: आने को कवि अपने जीवन का सौभाग्य मानता है।

**ईदृश्यां गुर्जरक्ष्मायां समागत्य पुनः पुनः।**
**आत्मजीवनसौभाग्यं निश्चप्रचमहं वृणे।।** गुर्जर. १०० ।।

पाकशासनशतकम् अथवा कार्गिलशतकम् तो पाकिस्तान द्वारा किये गये आक्रमण के दौरान लिखा गया अत: यह शतक कार्गिल में हुए शहीदों को श्रद्धांजलि ही है। कारगिल युद्ध में शहीद हुए भारतीय वीरों की पावन–गाथा है। यथा –

**तेषाम्पाकारिभूतानां राष्ट्रभूत्यै हुतात्मनाम्**
**प्रवीराणां यशोगाथा पावनीयं प्रणीयते।।** पाक. १३ ।।

कारगिल युद्ध अभी चल ही रहा था कि अर्वाचीन संस्कृत कवियों ने कार्गिल के वीरों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए अनेकों राष्ट्रभक्तिपूर्ण काव्य लिख डाले। डॉ. लाला शंकर गयावाल के शब्दों में जगत् की समग्र चेतना से चिन्तित संस्कृत कवि प्रतिपटल घटित घटनाओं से अपने आपको क्षणभर भी विलग नहीं करता। कारगिल विजय पर अर्वाचीन संस्कृत पत्रिका दूर्वा का 'कारगिलविशेषांक' कारगिल वीरों को श्रद्धांजलि के रूप में समर्पित है। इस विजय के आनन्द को अपनी अभिव्यक्ति से मुखरित किया है कविवर रमाकान्त शुक्ल ने 'प्रणम्या: कारगिलवीरा:' में –

**जयनयतेऽस्मदीया गौरवांका कारगिलवीराः।**
**समर्च्या आसतेऽस्माकं प्रणम्याः कारगिलवीराः।।** पाक. ११ ।।

हरिशचन्द्र रेणुपुरकर, मोहनलाल पाण्डे, शशिनाथ झा, बनमाली विश्वाल, डॉ. रवीन्द्र पण्डा, सम्पूर्णदत्त मिश्र और डॉ. राजेन्द्र मिश्र आदि कवियों ने कारगिल युद्ध पर अपने-अपने अन्दाज में कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी है। डॉ. रवीन्द्र कुमार पण्डा ने प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र के समान ही पूरा खण्डकाव्य 'कार्गिलम्' लिखा जो कवि के काव्यसंग्रह **'काव्यकैरवं'** में आर्वाचीन संस्कृत साहित्य परिषद, बड़ौदरा से २००७ ई. में प्रकाशित हुआ। वस्तुतः जब भी देश पर कोई विपत्ति आयी है, हमने सब भेदभाव भुलाकर अपनी राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया है। इस राष्ट्र यज्ञ में कवि अपनी लेखनी द्वारा जनता को जाग्रत करने के लिए जो समिधायें डालते हैं, वे अपने आप में श्रद्धा की अधिकारिणी है।

डॉ. रवीन्द्रपण्डा के 'कार्गिलम्' खण्ड काव्य में भावाभिव्यंजना परक श्लोक है। किन्तु प्रो. राजेन्द्र मिश्र के कार्गिलम् में ऐतिहासिक तथ्यों, भौगोलिक स्थानों, शहीदों के नामोल्लेख तथा पाकिस्तान की नीतियों और भारतीय शहीदों के देशभक्ति के विविध चित्र हैं। 'कार्गिलम्' पर लिखे ये दोनों की काव्य अनुष्टुप् छंद में है। कार्गिल युद्ध में भारतीय सैनिकों ने जिस प्रकार का शौर्य दिखाया उसकी चर्चा सम्पूर्ण विश्व में हुयी। यथा -

**अन्यैश्चापि महावीरैजीवद्‌भिश्च हुतात्मभिः।**
**संगरे यादृशं शौर्य सपत्नधवंसि दर्शितम्॥**
**इदानीमपि तद्विश्वे युद्धसंसदि चर्चितम्।**
**प्रतिमानं न तस्यान्यद् दृश्यते क्वापि भूतले॥** पाक. २३-२४ ॥

युद्ध हमारे स्वभाव में नहीं है। हमारी भारतीय सेना शौर्य, क्षमाभाव, सहिष्णुता और आक्रमण नहीं करने के सिद्धान्त पर चलने वाली है किन्तु यदि कोई जबर्दस्ती आक्रमण करता है तो फिर दीनता व पलायन भी भारतीय सेना के शब्दकोष में नहीं है। यही कारण है कि भारतीय नीति के अनुसार जीते हुए प्रदेश पाकिस्तान को लौटा दिया थे। युद्ध करना तो सैनिकों की खुजली दूर करने के लिए मात्र एक प्रयास था। यथा -

**तस्मादेव जिताभूमिस्सकलापि निर्यातिता।**
**युद्धकण्डूतिमुक्ताय भारतेनाऽरय स्वतः॥** पाक. २७ ॥

इस अवसर पर कवि हमारी भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी के बंगलादेश के युद्ध के दौरान प्रदर्शित शौर्य व राष्ट्र प्रेम का स्मरण करते हुए कहता है कि -

**तदा जगर्ज सिंहीवा सा जवाहरनन्दिनी।**
**चण्डमुण्डवधोद्योगा कालिकेव भयंकरी॥** पाक. ३१ ॥

इस प्रकार बंग्लादेश नामक नवीन राष्ट्र की निर्मति हुयी परन्तु भारत ने जीतकर भी बांग्लादेश पर स्वामित्व नहीं जताया वह भूमि उन्हें वापिस कर दी। भारत ने तो युद्ध के उन्माद से ग्रस्त पाकिस्तान को सबक सिखाया था। भारतीय सेना ने सम्पूर्ण पाकिस्तान के सैन्य बल को चूर्ण-विचूर्ण व विखण्डित कर दिया। कवि भारत की समृद्धि, विकास व वीरता का गुणगान करते हुए कहता है कि पाकिस्तान भारत के वैभव की बराबरी कभी भी नहीं कर सकता क्योंकि गीदड़ की खाल पहनकर गधा सिंह नहीं बन सकता।

**व्याघ्रचर्मपरीतोऽपि गर्दभो नैति सिंहताम्।**
**ज्ञायते न कथं सत्यं वराकैः पाकनेतृभिः॥** पाक. ४६ ॥

कारगिल युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों को याद करते हुए कवि कहता है कि जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया और कारगिल क्षेत्र को पुनः मुक्त करवाया उन सब शहीदों के ऋण से हम उऋण नहीं हो सकते जिन्होंने अपनी युवावस्था में सम्पूर्ण भोगों को छोड़कर अपने प्राणों की आहुति दे दी। यथा –

**अधमर्णा वयं सर्वे तेषां नूनं कृतात्मनाम्।**
**विहाय सकलानभोगान्नव्ये वयसि ये गताः॥** पाक. १०८ ॥

भारत के लिए अपने राष्ट्र के रक्षण के लिए प्राणों का उत्सर्ग करने वाले शहीदों को हमारे देश में पूर्ण सम्मान मिला है। हर राज्य में हुए शहीदों के परिवारों को समाज व शासन के द्वारा मान सम्मान व सरकार की ओर से सहायता प्रदान की गयी। भारत के लिए शहीद हुए सैनिक हमारे बीच आज भी जीवित है। उनके प्रति श्रद्धाभाव व वात्सल्य हर भारतीय के मन में है। वह तो राष्ट्र के लिए प्राण न्यौछावर कर अमर हो गये हैं –

**समुच्छलति वात्सल्यं श्रद्धाभावश्च तान्प्रति।**
**दिवंगतास्त्वपि प्राज्यं वीरा जीवन्ति भारते॥** पाक. १४२ ॥

शहीदों के प्रति श्रद्धाभाव में डूबे कवि की अगाध राष्ट्रीय भक्ति का ही द्योतक है कि वे शहीदों को अर्पित किये गये इन शब्दसुमनों द्वारा अपनी लेखनी को पवित्र मान रहा है।

**अभिराजीतनूजोऽयं तस्मात्तद्गुणशंसनैः।**
**पवित्रीकुरूवे स्वीयां लेखनीञ्च सरस्वतीम्॥** पाक. १४४ ॥

कवि प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र के प्रस्तुत संकलन के अधिकतर शतकों में भारत राष्ट्र के गौरव का ही वर्णित है। उन्होंने देश के प्राचीन गौरव को लेकर श्रद्धा अभिव्यक्त की है तथा प्राचीन भारत के सांस्कृतिक, साहित्यिक, धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक वैभव को अभिव्यक्त किया है। इससे प्रो. मिश्र की राष्ट्र के प्रति श्रद्धाभावना तो दिखायी देती है साथ ही पाठकों में भी देशभक्ति के भाव को जागृत करने में उनका विशेष योगदान है। लेखन ही नहीं मंचों से देशभक्ति पूर्ण कविताओं के माध्यम से जनता में देशभक्ति के भाव भरने में भी कवि सिद्धहस्त है। कवि का लेख व मंचों पर कविताओं का अभिव्यक्तिकरण और मधुर वाणी की देवप्रदत्त प्रतिभा सब मिलकर प्रो. मिश्र को राष्ट्रकवि के रूप में प्रतिष्ठित करते हैं।

**वर्तमान भारत की दुर्दशा का वर्णन**–

प्राचीन गौरव का स्मरण कर और वर्तमान की वैमनस्यपूर्ण स्थितियों को देखकर कवि हतप्रभ व विस्मित है। वर्तमान भारत की दुर्दशा देखकर यह अभिव्यक्ति का तरीका कवि की अपनी पहचान बनाता है। राष्ट्र की विडम्बनात्मक स्थितियों की वेदना व्यक्त करना कवि के देश के प्रति प्रेम को ही अभिव्यक्त करता है।

प्राचीन भारत समृद्धि, शिक्षा, कला व अध्यात्मविधा का केन्द्र था वह भारत आज लम्पटों, धूर्तों व दुराचारियों से घिर गया है। मनुस्मृति में भी कहा है कि **स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः।** इसी भाव को अभिव्यक्त करते हुए अभिराज जी कहते हैं –

**यत्रागत्यचरितं स्वं सकाशादग्रजन्मनाम्।**
**अशिक्षन्त पुरा काले पृथिव्यां सर्वमानवाः॥**

**तस्मिन्नु भारते वर्षे सङ्कुला अद्य लम्पटाः।**

**बण्डभण्डदुराचारा दुश्चरित्राः प्रवंचकाः॥** भारती. २४-२५ ॥

प्राचीन वर्णधर्म व्यवस्था पर आधारित भारत आज जाति द्रोह की ज्वाला में जल रहा है और ईर्ष्या द्वेष, घृणा से ग्रस्त होकर रसातल की ओर जा रहा है। वह अपने प्राचीन वैभव को खो चुका है।

**साम्प्रतंचापि कृष्णांगैर्नृपीभूतैर्नराधमैः।**

**ईर्ष्यामर्षघृणाग्रस्तैः पातगर्ते निपात्यते॥** वैशाली. ९४ ॥

वर्तमान भारत की सभी स्थितियों में वैपरीत्य दिखायी दे रहा है सर्वत्र चाटुकारिता व अर्थ का प्राधान्य है। गुणों का कोई महत्व नहीं है। सर्वत्र विपरितता का साम्राज्य कुछ इस प्रकार का है -

**मूर्खोऽप्यसौ महाविद्वान् कलीबोऽपि सर्वशक्तिमान्।**

**निर्गुणोऽपि सतां पूज्यस्त्याज्यों निन्द्योऽपि सम्मतः॥** भारती. ४४ ॥

'भारतीयपरिदेवनशतकम्' में तो स्वयं भारत माता अपनी स्थिति पर रूदन कर रही है। देश में सर्वत्र 'मत्स्यन्याय' व्याप्त है भाई ही भाई का दुश्मन है।

**प्रसरिष्यति सर्वत्र मत्स्यन्यायोभयंकर।**

**मरिष्यन्ति जनाः सर्वे बन्धवो बन्धुभिर्हताः॥** भारती. ९९ ॥

'विस्मयशतकम्' में तो कवि भारत की विडम्बनात्मक स्थितियों को देखकर तो वस्तुतः स्वयं विस्मित है। आज हमारी संस्कृति, आचार विचार सभ्यता यहाँ तक कि देश की गरिमा दांव पर लगी है। चारों ओर सब कुछ जल रहा है किन्तु कोई भी उसको बुझाना नहीं चाहता। सब ओर जनता वर्गसंघर्ष, जाति व धर्म के नाम पर बंट गयी है लेकिन कोई भी उस खाई को पाटना नहीं चाहता। इन सब स्थितियों को देखकर कवि अचम्भित है -

**न केऽपि दावाग्निश्मे सयत्ना, न चाऽप्यरण्यश्रियमाप्तुकामाः।**

**ज्वलत्यतस्सर्वत एव सर्वं, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्॥** विस्मय. ३० ॥

देश चारों ओर जल रहा है। इस अवस्था को देखकर कवि विचलित है। मानसिक पीड़ा का वर्णन करें भी तो किससे? सर्वत्र रक्षक ही भक्षक बने हुए है। अतः कवि इस व्यथा को निम्न शब्दों में व्यक्त करता है -

**व्यथाकथेयं महती मदीय, निवेदये हन्त कथन्नु कस्मै।**

**यो रक्षको भक्षयिता स एव, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्॥** विस्मय. ६७ ॥

आज समाज में मत्स्यन्याय व्याप्त है। बलवान कमजोर का शोषण कर रहा है लेकिन प्रशासन पंगु होकर मात्र दर्शक बना हुआ है। समाज में सही न्याय नहीं मिल पा रहा है। न्यायालय में न्यायाधीश रिश्वत देकर खरीद लिये जाते हैं तथा समाज में हत्यारे खुले आम घूम रहे हैं, यह सब देखकर कवि विस्मित है। यथा -

**उत्कोचदानैः परितोष्य सम्यक्, न्यायालयं न्यायपतिं विधिज्ञम्।**

**भ्रमन्ति मुक्ता वधिकाः समाजे, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम॥** विस्मय. ६९ ॥

अध्यात्मविद्या से पूर्ण इस राष्ट्र में न जाने अनर्थकारी पिपासा (लोभ) कहाँ से आ गया? हमारी त्यागमूला संस्कृति भोगमूला कैसे हो गयी? वर्तमान में दारिद्रय, अभाव विषमतायें, अशिक्षा, बेरोजगारी, नैतिक

अवमूल्यन ने जाने क्या-क्या व्याप्त है इस धरती पर। राष्ट्र की ऐसी विपन्नता होने पर ऐसे राष्ट्र में कौन कुशल रह सकता है? कवि भारतमाता की ऐसी दुर्दशा देखकर उसके पुत्रों को धिक्कारता है-

**दु:खार्दितायां ननु मातृभूमौ, धिग्जीवनं हन्त तदात्मजानाम्।**
**राष्टे विपन्ने कुशलं नु केषां, दृष्ट्वेति मे विस्मयेति वित्तम्।।** विस्मय. ९२ ।।

**आतंकवाद-**

प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र ने भारत की वर्तमान विपन्नावस्था का वर्णन करते हुए आज देश में व्याप्त आतंकवाद का भी वर्णन किया है। भारतमाता कहती है – कि इतनी कष्टापन्न अवस्था तो वेन, रावण और कंस द्वारा भी नहीं की गयी थी जितनी आज दुर्जनों के द्वारा की जा रही। नर रूपी राक्षसों द्वारा पीड़ित भारतमाता की आवाज कोई भी नहीं सुन रहा। यथा –

**न वेनेन तथा तप्ता रावणेन न धर्षिता।**
**न कंसेन तथा क्लिष्टा यथा सम्प्रति दुर्जनैः।।**
**उधर्वबाहुर्विरौम्येषा न च कश्चिच्छृणोति मे।**
**कोऽपि वारयते नो मां नरराक्षसपीडिताम्।।** भारती. २२-२३ ।।

भारत में आतंक फैलाने में पड़ौसी देश पाकिस्तान की मुख्य भूमिका है। पाकिस्तान का भारत के प्रति स्वतः बैर है ही। वे सोते जागते भारत द्रोह के विषय में ही सोचता है। वहाँ के प्रशासक, राजनेता भारत में आतंककारी गतिविधियों को चलाकर भारत को कमजोर करना चाहते हैं, वे गुप्त रूप से आतंकवादियों को भेजकर भारत में सौमनस्य व सुव्यवस्था को समाप्त करना चाहते हैं। यथा –

**आतंकवादिनः क्रीतान् गूढं सम्प्रेष्य भारते।**
**सौमनस्यंच सौराज्यं भारतस्य विकुर्वते।।** पाक. ६६ ।।

पाकिस्तान भारत के विषय में अनेक अफवाहों को फैलाकर भारत के साथ मित्रता नहीं चाहता और भारत है कि अनेक बहानों से पाकिस्तान के साथ मित्रता बढ़ाना चाहता है। पाकिस्तान मुस्लिम देशों को भारत के प्रति भड़काता है और इस प्रकार विश्व में शान्ति का उद्घोष करने वाला भारत पाकिस्तान की वजह से आज स्वयं अशान्त व खण्डित है। ऐसी वैषम्यपूर्ण स्थिति को देखकर लेखक विस्मित है –

**उद्घोषकस्सम्प्रति विश्वशान्ते, र्विभात्यशान्तः स्वयमेव शीर्णः।**
**हा हन्त देशो ननु भारताख्यो, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्।।** विस्मय. ८५ ।।

भारत का स्वर्ग कही जाने वाली कश्मीर की धरती आज आतंकवाद के कारण ही विपन्नावस्था में है। जिस कश्मीर में शैव दर्शन लिखा गया वहाँ आज दैत्यों को अट्टहास करते देखकर आश्चर्य होता है। आज कश्मीर से सभी पण्डितों को निकाल दिया गया है, ऐसे प्रशासन को धिक्कार है। सीमापार से आतंकवादी घुसकर आतंक मचाते हैं और हम मूक दृष्टा बने हुए है, यह सब देखकर कवि आश्चर्यचकित है।

**सीमामतिक्रम्य गृहे प्रविष्टा, अनर्थजातं विदधत्यनल्पम्।**
**अरातयो हन्त वयंच मूका, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्।।** विस्मय. ८९ ।।

सीमा पर हमारे सैनिकों के सिर काट दिये जाते हैं। अभी हाल ही में हमारे वीर सैनिकों के सिर काट दिये गये लेकिन हम चुप रहते हैं। यह हमारी सहनशीलता है या किंकर्त्तव्यविमूढ़ता की सहजता है, समझना मुश्किल है। पाकिस्तान अपनी दीन-हीन विपन्न स्थिति और पड़ौसी भारत की समृद्धि सहन नहीं कर पाता अत: उसे कश्मीर की चिंता निरन्तर बाधा पहुँचाती है जिस प्रकार कोई दरिद्र पड़ौसी की समृद्धि देख ललचाता है।

**किन्तु कश्मीरचिन्ता तं बाधतेऽलं निरन्तरम्।**
**समृद्धिः प्रतिवेशस्य दरिद्रं लोभयेद्यथा॥** पाक. ५२ ॥

राजीव गाँधी की मृत्यु पर तो कवि पूर्णत: विचलित दिखायी देते हैं और **'भारतीपरिदेवनशतकम्'** में तो उन्होंने वर्णन किया है कि जैसे कि पृथिवी प्रलय सागर में डूब गयी हो। कवि स्वयं अपने आपको अशक्त व असहाय महसूस करता है। भारत माता की ऐसी विपन्नावस्था देखकर तो ईश्वर भी पृथ्वी पर उतरने में डर रहा है। धर्म की स्थापना करने वाला और दुर्जनों का विनाश के लिए हर युग में उत्पन्न होने वाला ईश्वर भी अपनी प्रतीज्ञा को भूल गया है। अत: कवि किसकी सहायता करे? कहाँ जाये, किसके पास जायें?

**किं करोमि सहायं कं यामि को नु श्रृणोति मे।**
**नावातरति मद्भूमावीश्वरोऽपि भयान्वितः॥**
**विशोधने खलानां तु सोऽप्यशक्तः प्रतीयते।**
**तस्मात्प्रतिज्ञां विस्मृत्य भारतं नायियासति॥** भारती. १०५-१०६ ॥

भारत पर फैले आतंकवाद व अलगाववाद की स्थितियों में कोई ऐसा दिखायी नहीं देता जो भारत भूमि को पुन: संगठित कर सके औ यहाँ शान्ति व विश्वबन्धुत्व को पुन: स्थापित कर सके। आज मूर्ख स्वच्छंदता से इस धरती का उपभोग कर रहे है अत: खण्डित व आतंक से भयभीत धरती की पालना के लिए पुन: भोज जैसा राजा चाहिये अत: कवि भोज को पुन: धरती पर अवतरित होने का आह्वान करता है -

**राजर्षे भोजराज! प्रसभवतर स्वोपलाल्यां धरित्रीं**
**पश्येमां त्रिर्विभक्ता पुनरपि च वपुः खण्डनातंकभीताम्।**
**ज्योत्स्नाभ्रान्तिप्रमुग्धा जरठशठधियो न्यक्कृतेन्दुप्रभावाः**
**स्वैरं भुजंन्ति मूढा भरतभुविमामद्य खद्योतकल्पाः॥** धारा. ८९ ॥

भारत भूमि आज आतंकवाद के कारण रक्तरंजित है। आये दिन घटित होती आतंकी घटनाओं से आम आदमी भयभीत है। वर्षो से परस्पर भाईचारे से रहते हुए हिन्दू-मुस्लिमों के मध्य द्वैष फैलाने का काम पाकिस्तान कर रहा है इससे हमारी एकता तो विखण्डित होती ही है, आर्थिक स्थिति भी कमजोर हो रही है। न चाहकर भी भारत को सैन्य व सुरक्षा बलों पर अतिरिक्त भार वहन करना पड़ता है अत: कवि ने मिलकर रहने का संदेश दिया है क्योंकि बिना एकता के प्रगति संभव नहीं है।

**मन्त्रः समः स्यात्समितिः समानी, समानमस्माकमिदन्नु चित्तम्।**
**विनैक्यभावं प्रगतिर्न भाव्या, दृष्टैवेति मे विस्मयमेति चित्तम्॥** विस्मय. ६३ ॥

**२. सामाजिक सन्देश-**

साहित्य समाज का दर्पण होता है, कवि जिस समाज में जीता है, सांस लेता है उसका प्रतिबिम्ब उसके

काव्य में अवश्य उभर कर आता है। हालांकि प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र कृत 'अभिराजसहस्रकम्' शतककाव्य संकलन के अधिकतर शतक भारतीय संस्कृति के प्राचीन गौरवगान पर आधिारित है। उनमें प्राचीन भारत की संस्कृति, मूल्यों, मान्यताओं, आध्यात्मिक व धार्मिक जीवन दर्शन और भारत का प्राकृतिक सौन्दर्य वर्णित है लेकिन इन सबके बीच झांक जाता है कवि का युगबोध। उसकी लेखनी की पैनी धार से वर्तमान जीवन का यथार्थ अछूता नहीं रह सकता। यही कारण है कि प्राचीन गौरवगान के बीच भारत की वर्तमान दशा के प्रति संवेदना, शिक्षा का अवमूल्यन, आतंकवाद और वर्तमान राजनीति के पहलू तो उभरे ही है साथ ही 'विस्मयशतकम्' जैसा शतककाव्य जो वर्तमान भारत की अनेकानेक समस्याओं की ओर इंगित करता है, जिसमें आज के भारतीय समाज में परम्पराओं का ह्रास, नारी की दयनीय व असम्मान जनक स्थितियाँ, वर्णसंघर्ष, दारिद्रय, अशिक्षा आदि समाज की अनेक समस्याओं का वर्णन है। 'विस्मयशतक' का एक-एक पद्य विस्मित व विडम्बित ही नहीं करता वरन् पाठक के समक्ष व्यवस्थाओं पर अनेकों प्रश्नचिन्ह भी लगाता है।

**वर्तमान समाज में व्याप्त विसंगतियाँ-**

आज भारतीय समाज में सर्वत्र विसंगतियाँ व्याप्त है। इस बात को कवि ने तोते व कौओे के दृष्टान्त द्वारा प्रस्तुत किया है। मधुर स्वर वाला तोता पिंजरे में भूखा व विपन्नावस्था में है और कौआ किशमिश का आस्वादन करता है। इसी प्रकार गाय को पर्याप्त भोजन नहीं दिया जाता और कुत्तों को प्रयत्नपूर्वक खिलाया जाता है। हिन्दी के प्रसिद्ध कवि डॉ. रामधारी सिंह की पंक्तियाँ है कि 'श्वानों को मिलता दूध, भूखे बालक अकुलाते है' इसी प्रकार के भाव को कवि ने निम्न कविता में व्यक्त किया है -[११]

**अक्षीरिणी धेनुरितीव मत्वा, न भूरिभक्ष्यं प्रददाति तस्यै।**
**श्वानं जनो भोजयते सयत्नं, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्।।** विस्मय. २ ।।

समाज में दारिद्रय, बेकारी और असन्तुलित विभाजन व सदस्यता के अभाव में विडम्बनापूर्ण स्थितियाँ दिखायी देती हैं। तथाकथित समाज का सम्पन्न वर्ग जिसका भिक्षु को देखकर मन द्रवित नहीं होता किन्तु बिलाव को पुत्र के समान पालता है आदि दृश्य कवि के मन में विस्मित करते हैं -

**न दीर्यते हन्त शिलाकठोरं, विलोक्य भिक्षुं हृदयं यदीयम्।**
**स एव पुत्रीकुरूपे विडालं, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्।।** विस्मय. ३ ।।

समाज में गुणहीनों की प्रतिष्ठा है तथा योग्यता का अपमान हो रहा है। हिन्दी कवि बिहारी के दोहे के भाव 'अब दादुर वक्ता भये हमो पूछत कौन' को कवि ने एक पद्य में प्रस्तुत किया है। इसी प्रकार कीचड़ में कमल की स्थिति और नागफनी (कैक्टस)को घर में देखकर कवि गुणवानों के अपमान व गुणहीनों के सम्मान का प्रतीक माना है। संसार में इस प्रकार की परस्पर विरोधी स्थितियों को देखकर कवि विडम्बित है -

**वराहयूथोन्मथिते नु पंके, भान्ति स्वयम्भूनि सरोरूहाणि।**
**प्रतिष्ठता नागफ़ण च गेहे, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्।।** विस्मय. ५ ।।

**संस्कृति का अवमूल्यन-**

आज भारतीय संस्कृति का ह्रास हो रहा है संस्कार, शिष्टाचार, आचार-विचार सबका पतन देखकर

११. दृक्-X, पृ. -८६ ।

कवि अपनी प्राचीन गौरवमयी संस्कृति को कैसे भूल सकता है? पतन की यह दशा कहाँ जाकर ठहरेगी? कुछ कहना मुश्किल है –

**क्व यास्तीयं तटिनी प्लवोत्था, संस्कारसद्वृत्तटंकषोग्रा ।**

**क्व संस्कृतिः संगमनी वसूनां, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्॥** विस्मय. २५ ॥

डॉ. अर्चना जोशी के अनुसार ''आज चलचित्र से उपजी नव संस्कृति ने समाज को सर्वाधिक हानि पहुँचायी है। चलचित्र की इस नवीन संस्कृति में शिष्टाचार का पालन नहीं है, मर्यादा का कोई स्थान नहीं है। चलचित्र, दूरदर्शन के जुगुप्सित, विगर्हित और अमर्यादित प्रदर्शनों के पीछे मात्र धन प्राप्ति की लालसा है।''[१२]

**गूह्यातिगूह्यानि जुगुप्सितानि, वृत्तान्यवाच्यानि विगर्हितानि।**

**स्वैरं प्रदर्श्यन्त इहाधिन्त्रं, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्॥** विस्मय. ११ ॥

**स्फुटान्यमर्यादितचुम्बनानि, गढोपगूढानि रतिक्रयाश्च।**

**प्रदर्श्यते सर्वमहोऽर्थलुब्धै, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्॥** विस्मय. १२ ॥

यह सम्पूर्ण संस्कृति हमारे समाज को चलचित्रों द्वारा दी गयी हैं। दूरदर्शन पर गर्भनिरोधक दवाईयों का प्रसारण पिता-पुत्री व भाई-बहनों के साथ बैठकर मदिरा पान, जो गोपनीय पुरूषों से छिपाने वाले स्त्रियों के इतिवृत्तों का पुरूषों के द्वारा सुनना व देखना, नग्न रतिक्रीडा के चित्र कुमारी युवतियों द्वारा देखना रजः स्रावविधि रोधक उपायों को बार-बार बड़ों के सामने दिखाना आदि अधः पतन व अति यथार्थ के नग्न चित्रों को प्रस्तुत कर कवि भारत की आज की विपन्नावस्था पर आँसू बहा रहा है। भारतीय प्राचीन आर्ष संस्कृति आज पतन के गर्त में गिर रही है लेकिन कोई विद्वान् शास्त्रवेत्ता उसे रोकने में समर्थ नहीं है।

यथा – **श्वभ्रे पतन्ती नुन भारतीया, न वार्यते संस्कृतिरार्षमूला।**

**केनापि विज्ञेन बुधने शास्त्रा-दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्॥** विस्मय. २७ ॥

आज शाश्वत जीवन मूल्यों-सत्य त्याग, स्वाधयाय के प्रति कोई आग्रह नहीं रखता। शिष्टाचार, आधयात्मिकता, लोकैषणा और ज्ञानतृष्णा से रहित समाज में मात्र धनलिप्सा शेष है। भोगपरा संस्कृति के विस्तार के बीच अधयात्मप्रधान त्यागपरा संस्कृति विलीन हो गयी है। यथा –

**औद्दालकिर्यत्र यमं जगादतवैव वाहास्तव नृत्यगीते।**

**तत्रार्थलिप्सोद्धतनग्ननृत्या, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्॥** विस्मय. ८० ॥

इस प्रकार समाज व संस्कृति पूर्णतः पतन की ओर अग्रसर है। समाज में सर्वत्र भ्रष्ट तंत्र है। घूस लेते न्यायधीश, झूठ बोलते वकील और छात्रों को छलते शिक्षक यह सब विपर्यास देखकर लगता है कि हमारी त्यागपरा संस्कृति भोगपरा कैसे हो गयी?

**सा संस्कृतिस्त्यागपरा पुराणी, जाता कथं भोगपराऽस्मदीया ?**

**वनीयकं विश्वगुरूं दिशन्ती, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्॥** विस्मय. ८३ ॥

**धर्मान्धता या धार्मिक विद्वेष–**

'धारामाण्डवीयम्' में भोजराजा की धारानगरी मुगलों की धर्मान्धता के कारण नष्ट हो गयी। इसी प्रकार

१२. अर्वाचीन भारतीय समाज का दर्पण: विस्मयलहरी, अर्चना जोशी त्रिवेणी कवि अभिराज राजेन्द्र मिश्र, पृ.-२११ ।

वैशालीशतकम्' में नालन्दा जैसे विश्वविद्यालय खिलजी व बख्तियार मुगल शासकों द्वारा जला दिये गये।

जिनकी आग महीनों तक जलती रही थी। जाति, द्रोह की ज्वाला में जलकर भारत एक बार पुनः अंग्रेजों के अधीन होकर अपने प्राचीन वैभव को भूल चुका था। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् भी परस्पर विद्वैष व द्रोह का यह क्रम थमा नहीं। हमारी संस्कृति जो नित्य विश्वबन्धुत्व की आकांक्षिणी रही है वह आज अपने ही घर में अपने भाईयों के विद्रोह के कारण छली गयी है जो विश्वशान्ति के प्रयासों में स्वयं रखता रही है वह आज अपने कुटिम्बियों के द्वारा किये गये कलह के अशांत है। भारत माता स्वयं अपनी वेदना प्रकट करती है कि –

**याऽहं बहुमता नित्यं विश्वबन्धुत्काङ्क्षिणी।**
**स्वीयवेश्मनि साऽद्याऽहं बन्धुद्रोहैः खलीक्रिये॥**
**विश्वशान्तिप्रयासेषु याऽहमासं महीयसी।**
**अशान्ता स्वयमद्याहं कलहैः स्वकुटुम्बिनाम्॥** भारती. ७३-७४ ॥

आज समाज में कुछ लोग अपने सीमित स्वार्थों के लिए हिन्दू व मुसलमानों के बीच विद्वेष पैदा कर रहे है। ये स्वार्थी लोग देश में अलगाव के लिए रत है। यथा –

**न कोऽपि सभ्यग्यतते समेषां, सस्नेहमेकीकरणाय धुर्यः।**
**सर्वे पृथक्त्वाय समिद्धवीर्या, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्॥** विस्मय. ३६ ॥

आज जो स्थितियाँ है उसके लिये कत्त्ररता जिम्मेदार है। भारत में रहकर भी जो राम से विद्वेष करते हैं, गीता को नहीं मानते है और वेदत्रयी के प्रति श्रद्धा धारण न करने वालों को भारत का अन्न खाने का अधिकार नहीं है। मुसलमानों को धर्मान्धिता और उनके द्वारा मन्दिरों का धवंस भारतभूमि के भक्तों के द्वारा सहन नहीं किया जायेगा, कवि ने यह कड़ी चेतावनी भी दी है। कवि ऐसे मदान्ध लोगों को न हिन्दू मानता है न मुसलमान। ऐसे लोगों की गणना संस्कृति पंजिका में नहीं की जा कसती। ये वस्तुतः पृथिवी पर कलंक है –

**एवंविधानां गणना न कार्या, दुरात्मनां संस्कृतिपंजिकायाम्**
**कलंकभूताः खलु ते पृथिव्या, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्॥** विस्मय. ६२॥

भारतीय समाज में तो हिन्दू-मुसलमान में चिरकाल से भाईचारा रहा है। कभी पुराना ऐतिहासिक वैषम्य रहा होगा लेकिन सम्पूर्ण स्वतंत्रता संग्राम हिन्दू मुसलमानों ने मिलकर लड़ा है। रसखान, रहीम, दाराशिकोह जैसे सच्चे मुसलमान भारत का गौरव हैं। अतः कवि के अनुसार –

**हिन्दवो मुस्लिमाः सन्ति चिरकालाद्धि भारते।**
**भातृकल्पा मिथो बद्धा रागबन्धवशीकृताः॥** पाक. ५३ ॥
**स्वाधीनतां समावाप्तुं यत्नवन्तौ बभूवतुः।**
**समवायावुभावेव कात्र कार्या विचारणा॥** पाक. ५५ ॥

आज भी हमारी स्वतंत्रता को कायम रखने के लिए कारगिल में अनेकों मुसलमान सैनिक शहीद हुये हैं। जाकिर हुसैन, अब्दुलकलाम नैष्ठिक भारतीय हैं अतः हमें ऐसी धर्मान्ध ताकतों का पुरजोर विरोध कर देश की एकता को बनाये रखना चाहिये।

**समाज में नारी की स्थिति-**

प्राचीन भारतीय समाज में नारी माँ, पत्नी व बेटी के रूप में सम्मान की अधिकारिणी रही है।[१३] समाज में नारी व पुरुष की समान भागीदारी है, एक की स्थिति कमतर होने पर हम स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं कर सकते। परस्पर भेद भुलाकर मंगलदाम्पत्य हमारे गृहस्थ धर्म का आदर्श रहा है। अतः यक्ष कहता है -

**इतः वरं मानिनि! ने पृथक्त्वं सम्बाधतेऽद्वैतविधानकं तत्।**
**जायापतिर्यत्र विहाय भेदं समाप्नुतो मंगलदाम्पतीत्वम्॥ प्रबोध. १०० ॥**

अभिराजसहस्रकम्' के सम्पूर्ण शतक में भारतीय संस्कृति के अतीत का गौरव व वर्तमान राष्ट्र की विपन्नावस्था के चित्र ही अधिक हैं परन्तु बीच-बीच में समाज व मानवीय स्वभाव का स्पर्श भी दिखायी दे जाता है। यक्ष का शापवशात् अपनी पत्नी से पृथक् रहने पर वह जानता है कि पड़ोस की औरतें उसकों अभिलक्षित कर अवश्य कुछ ऊँची नीची बातें कहती होंगी क्योंकि नारियों का स्वभाव है कि वे दूसरों के विषय में या निन्दा में रस लेती हैं। यथा -

**जानाम्यहं यत्प्रतिर्वेशनार्यो निन्दारसा मामभिलक्ष्य तुभ्यम्।**
**वक्ष्यन्ति निम्नोन्नतमेव नित्यं योषिन्निसर्गो हि परोपजातः॥** प्रबोध ७० ॥

भारतीय समाज में लज्जा, शील व चरित्र नारी का गहना माना जाता था किन्तु आज दूरदर्शन व चलचित्रों के नारी की छवि बिल्कुल विपरित दिखायी देती है। आज अभिनेत्रियों ने अपने आचरण के द्वारा वेश्याओं को भी तिरस्कृत कर दिया है। दूरदर्शन पर नग्न रतिक्रिया के चित्र, अमर्यादित चुम्बन भारतीय नारी की वर्तमान उत्श्रृंखल छवि की ओर इंगित करते हैं। नारियों के विषय में गोपनीय बातों को सबके सामने प्रकट करना, अतः स्त्रियोचित शीलरक्षा कैसे संभव है? यह देखकर कवि विडम्बित है। यथा -

**क्व गोपनं सम्प्रति भावनानां, स्त्रियोचितानां क्व च शीलरक्षा ?**
**सर्वं विपन्नं नवसंस्कृतौ तद्, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्॥** विस्मय. २४ ॥

आज लम्पट व स्त्रीजनों के शील का भक्षण करने वाले है वही उनकी पालकी ढो रहे हैं ऐसे में वधुओं की कुशलता कैसे संभव है?

**ये लम्पटाः स्त्रीजनशीलभक्षा-स्त एव हा तच्छिविकां वहन्ति।**
**क्व सम्भवं तत्कुशलं वधूट्या, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्॥** विस्मय. ४३ ॥

'विस्मयशतकम्' में कवि ने भारत की वर्तमान विपन्नावस्था पर विडम्बना व विस्मय व्यक्त किया है अतः उसमें नारी के विषय में भी समाज की उच्छखलंन स्थितियों व समाज के ह्रास व अवमूल्यन के चित्र है। कहीं-कहीं तो कवि अत्यन्त संवेदनशील व भावुक हो गया है और उन्होंने समाज की नग्नावस्था व अतियथार्थ के विभत्स चित्र प्रस्तुत किये हैं।

**लोकजीवन -**

'लोकानुकीर्तनम् काव्यम्' की आधुनिक परिभाषा के अन्तर्गत तो उपर्युक्त वर्णित आध्यात्मिक

आधिभौतिक आदिदैविक सम्पूर्ण लोक आ जाता है लेकिन काव्यों में गाँव गिराव की संस्कृति व गाँवों में बसते भारत के चित्र लोकजीवन के कोटि में अधिक आते हैं। आधुनिक पश्चिमी विद्वानों तथा उनके कर्ता कई

आलोचकों ने 'लोक' शब्द का अर्थ निरक्षर/अर्धशिक्षित/ग्रामीण जनता/अनार्य संस्कारों से युक्त/आदिवासी/जनजाति आदि मानते है।[१४] हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार लोक शब्द का अर्थ जनपद या ग्राम्य नहीं है वरन् नगरों व गाँवों में फैली वह सम्पूर्ण जनता है जिसके व्यवहारिक ज्ञान का आधार पोथियाँ नहीं है।[१५] डॉ. गोपाल शर्मा के अनुसार 'लोक' वह है जो ग्राम हो या नगर, कहीं भी रहता हो, साक्षर हो या निरक्षर, किसी भी जाति अथवा धर्म का हो, परिस्थितियों व अभावों के कारण समाज का एक ऐसा वर्ग जो सम्मान व शक्ति की दृष्टि से सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक एवं धार्मिक जीवन में तथाकथित उच्च सभ्य व सुशिक्षित वर्ग की दृष्टि से उपेक्षित है एवं निम्न है या उनके शोषण का शिकार है, रि भी जीवन में उस देश की पुनीत संस्कृति का जीवन्त रूप झलकता है।[१६]

वैशाली की धरती का वर्णन करते हुए कवि ने वहाँ का लोकजीवन पूर्णतः चित्रित कर दिया है। गाँव के किसानों की स्त्रियों के द्वारा धान रोपने और निरन्तर बाते करने तथा भूमि का श्रृंगार करने के कुछ चित्र लेखक के दृष्टिपथ में आये, उनका वर्णन देखिये –

**क्वचिज्जलाविले क्षेत्रे गुलदघ्ने सविभ्रमम्।**
**व्रीहिरोहान् रोपयन्त्यों ग्रामश्रमिकयोषितः॥** वैशाली. १८ ॥
**नैशविश्रम्भवार्ताभी रंजयन्त्यः परस्परम्।**
**कुर्वत्यो भूमिश्रृंगारं मल्लोचनपथं ययुः॥** वैशाली. १९॥

पशुओं को चराते और भैंस की पीठ पर बैठे ग्रामीण बच्चे और कान में अंगुली दिये तेज आवाज में गाते गाँव के कुल क्रमागत गीतों को गाते गाँव के बालकों के झुण्ड हाथ में लाठी और लंगोटी पहने तो आनन्द में मग्न मन में कौतूहल धारण किये ग्रामीणवासियों का वर्णन कर भारत के गाँवों का साक्षात् चित्र हमारे सामने प्रस्तुत कर दिया है –

**क्वचिच्च समजं प्राज्यं चारयन्तस्सकौतुकम्।**
**महिषीपृष्ठसंरूठा ग्रामपामरदारकाः॥**
**तांस्तान्नु ग्रामरागान् स्वैर कुलक्रमानुगतान्।**
**निविष्टकर्णागुलयश्चालपन्तो मुहुर्मुहुः॥**
**कौपीनवृत्तमधयांगा हस्तोल्लासितयष्टिकाः।**
**आनन्दतटिनीमग्ना मानसे कुतुकं दधुः॥** वैशाली २०–२२ ॥

पृथिवी विविध धानों ज्वार, बाजरा, तिलों से भरी हुई और विभूषित थी। इसी प्रकार का वर्णन बाली द्वीप प्रवास के दौरान लिखी गयी उनकी कविता 'अयिममभारतभूमे' में भी दिखायी देती हैं। ''कवि की स्मृति में कौंध उठता है गाँव–गिराव की संस्कृति में समरस अपना भारत! गाँव के वे लहलहाते खेत जहाँ गाँव के अधनंगे बच्चे मचान पर खडे, सीटियाँ बजाते चिड़ियों से फसल की रखवाली कर रहे होते हैं। बंसवारी में चहचहाते विहगों से

१४. नाट्यशास्त्र एवं लोकनाट्य डॉ. कमल वशिष्ठ (नाट्य में प्रकाशित लेख)
१५. लोक साहित्य और समाज डॉ. मीनाक्षी बोराण (मधुमति जुलाई २००६)
१६. संस्कृत लोक–कथा में लोकजीवन, डॉ. गोपाल शर्मा, पृ.–८, हंसा प्रकाशन, जयपुर।

जहाँ सवेरा होता है और विन्धय की उपत्यकता में उतरा बसन्त जहाँ, महुवे की मादक गंध से बौराई पुलिन्दसुन्दरियों के ठुमकों से सार्थक हो उठता है। बालीद्वीप में बैठे प्रवासी कवि (अभिराज राजेन्द्र) को 'काबुलीवाले' की तरह अपने वतन की याद आती है और वह प्रेम में मग्न गाता है शैशवाभ्यस्त, परम्पराओं में पला अपना ग्रामांचला।''[१७]

लोक कला व संस्कृति में गुजरात का भी अपना विशेष स्थान है अतः 'गुर्जरशतकम्' में कवि ने गुजरात की लोक कलाओं व लोकनृत्यों का वर्णन किया है। गुजरात प्रदेश में 'गूजरी' जो सुन्दर, रूपगर्विता गणिका अथवा उत्तर में नववधू के लिए प्रयोग किया जाता है। 'गूजरी' के नाम से पूरे भारत में गुजरात की कला व संस्कृति के एम्पोरियम हर जगह है।

**प्रदेशस्यास्य नागीणां रूपसीम्नैव वस्तुतः।**
**गुजरी-पदवाच्याऽभूदौदीच्येषु नवा वधूः।।**
**सावगुण्ठां क्वच्चिापि गणिकां रूपगर्विताम्।**
**गुर्जरीं गुर्जरिकां वा जनाः शंसन्ति सादरम्।।** गुर्जर. ८३-८४ ।।

गुजरात, विशेषकर लाट भारत में नृत्यप्रियता के लिए प्रसिद्ध है। गुजरात के प्रसिद्ध रास 'दाण्डिक' व नृत्यों 'गरबा' व भवाई का वर्णन कवि ने इस प्रकार किया है -

**कलानृत्यप्रिया लाटाः ख्याता नूनं हि भारते।**
**आलोक्य दाण्डिकं रासं कः प्रमाणमपेक्षते।।**
**गर्बेति वर्तुलाकारे नृत्यरत्ने प्रवर्तिते।**
**युवा को न भवेत्कृष्णो युवती का न राधिका।।**
**भवाईति समाख्यात नृत्यमन्यदपि ध्रुवम्।**
**प्रसह्य परिबधनाति वागुरेव मनोमृगम्।।** गुर्जर ८५-८७ ।।

गुजरात का दाण्डिक रास, गरबा व भवई नृत्य तो गुजरात नहीं पूरे भारत में प्रसिद्ध है। आजकल नवरात्रों में तो 'गरबा' की धूम रहती है। गंगा के मधुरगीत सुनकर तो आँसुओं की धारा बह निकलती है तो जलाराम की उदात्त वाणी को सुनकर अपने भारत के उत्पन्न होने पर गर्व होता है।

'धारामाण्डवीयम्' सैनिकों द्वारा जूसताख (युग्मायुग्मं) लुकाछिपी खेलना, पहेलियाँ बुझाना आदि का वर्णन वहाँ की लोक क्रीडाओं को दर्शाता है -

**चिक्रीडुस्सावकाशा नरपतिपृतनासैनिका यत्र नित्यं**
**युग्मायुग्मं प्रहेलीं रूचिकरमथ कूकूरतं कन्दुकं वा।**
**अन्विष्यन्तिस्म केचित्प्रवरसहृदया गूढपादं चतुर्थं**
**केचिच्चाख्यानदक्षा रघुपतिकथया रंजयामासुरंगान्।।** धारा. ६४।।

प्रबोधशतकम् में यक्ष के प्रवास में होने पर प्राषितमृतकायक्षिणी को पड़ौसिनों की अनेक ऊँची नीची बाते सुननी पड़ती होगी, ये सभी वर्णन सिद्ध करते हैं कि डॉ. अभिराज राजेन्द्र मिश्र लोक संस्कृति की वर्णना में

१७. अर्वाचीन संस्कृत कविता में जीवन दर्शन, पृ. -१३१

निपुण कवि है। वे स्वयं भारत के ग्रामीण अंचल में पले-बढ़े है अतः ग्राम संस्कृति का वर्णन उन्होंने बखूबी किया है। उनके अन्य काव्यों में संस्कृत में लोकगीतों, का प्रयोग उनके नाटकों में हास्य व्यंग्य के रूप में लोक का बहुत ही सुन्दर चित्रण दिखायी देता है।

**३. राजनैतिक सन्देश -**

आज राजनीतिक जीवन का हिस्सा बन गयी है। आज देश में जो भ्रष्टाचार का ताण्डव है और लोकतंत्र की जो दुरावस्था है उसके पीछे प्रमुख कारण स्वार्थपूर्ण राजनीति व राष्ट्रिय नेताओं का चरित्र है। लेकिन भारत में प्राचीनकाल में राजतंत्र में आज के लोकतंत्र की अपेक्षा नीतियाँ मानवीय मूल्यों पर आधारित थी। धारामण्डीयम् में भोज राज्य के राजनैतिक परिदृश्य को कविन ने 'रामराज्य' के रूप में चित्रित किया है। उस समय श्रेष्ठ मार्ग पर चल रही जनता को आतंक, हरणकथा, धर्म का विरोध आदि स्थितियों का सामना नहीं करना पड़ता था। राजा की शूरवीरता प्रजा को पूर्ण संरक्षण देने में समर्थ थी। वैशालीशतकम् में लिच्छवियों की सौम्य शासन पद्धति का वर्णन किया है -

**लिच्छवीनां यदीयानां गणतन्त्रात्मिका नवा।**
**प्रशस्था भुवि संजाता सौम्यशान्तपद्धतिः॥** वैशाली. ३९ ॥

लिच्छवियों की शासन पद्धति में लोकतंत्र का आदर्श रूप विद्यमान था। जनता महान व शील शौर्य गुण सम्पन्न राजा का चयन करती थी। राजा भी स्वयं प्रजा की तरह ही आत्मसंयमी होता था। यथा -

**प्रजानिर्वाचितानां वै महासहिमशालिनम्।**
**जनानां कतिपयोषां शीलशौर्यगुणात्मनाम्॥**
**शासनं स्थापितां यत्र गणे मंजु समंजसम्।**
**आत्मशास्त्री प्रजैवाऽभूदेवमात्माधिकारतः॥** वैशाली. ४०-४१ ॥

तत्कालीन समाज में सबको समानता का अधिकार था। वहाँ राजतंत्र होते हुए भी राजा कुलाधिकार से गर्वित नहीं था। अपराध करने पर राजा भी दण्डित होता था अतः राजा की भी स्वेच्छाचारिता व निरंकुशता को अधिकार नहीं था। यथा -

**नैकः कोऽप्यत्र राजाऽसीत्कुलाधिकारगर्वितः।**
**अदण्ड्योऽपरिहार्यश्च स्वेच्छाचारो निरंकुशः॥ वैशाली. ४५ ॥**

कवि अभिराज राजेन्द्र जी लिच्छवियों के आदर्श गणतंत्र का उल्लेख करते हुए वर्तमान लोकतन्त्र का विरोध करते हुए कहते हैं कि यह संसार लोकतंत्र के द्वारा कैसे नियन्त्रित हो सकता है? क्या लवण के द्वारा खाने योग्य है? क्या किसी के द्वारा पृथिवी पर सुना गया है?

**लोकतंत्रेण लोकोऽयं कथंकारं नियन्त्र्यताम्।**
**लवणैर्लवणं भक्ष्यं हन्त केन भुवि श्रुतम्॥** वैशाली. ९८ ॥

आज विद्वान् दयावान्, संयमी, आत्मनियन्ता राजा नहीं वरन् जनता के द्वारा धूर्त, दुर्जन व अनपढ़ व्यक्ति राजा के रूप में चुना जाता है। व्यंग्यपूर्ण शैली में ऐसे लोकतंत्र को प्रणाम करते हुए कवि कहता है कि -

**बण्डा भण्डा विताश्चेटाः खलाश्चाति निरक्षराः।**
**येन त्वया कृता भूपा लोकतंत्र! नयोऽस्तु ते॥** वैशाली. ९९ ॥

अन्यत्र अनेक स्थानों पर कवि लोकतंत्र को शोकतंत्र का बढ़ाने वाला ही मानता है क्योंकि स्वार्थपरक राजनीति के कारण इस लोकतंत्र ने हर मनुष्य में अदम्य लालसायें भर दी है।

**लोकतंत्रमिदं नूनं शोकतन्त्रं प्रतीयते।**
**अधिकारतृषाऽदम्या येन सृष्टा जने-जने॥** भारती. ५५॥

यह राजनीति मायाशक्ति के समान घूमती हुई आतुर लोगों को पाप रूपी कीचड़ में गिरा देती है तथा स्वच्छंद पथभ्रष्ट यह राजनीति यहाँ भी एक बार कदम रखती है, शीघ्र ही वहाँ के शील व चरित्र को समाप्त कर देती है। आज सर्वत्र राजनीति का कौशल व्याप्त है। आज विश्वविद्यालयों में श्रेष्ठ पदों पर मूर्ख विद्यमान है। राजसेवा या सरकार में जो धुरन्धर कार्यरत है, और उल्टी दवायें देकर यमराज के भाई जो रोगियों को मार रहे हैं उन डॉक्टरों के चयन में सर्वत्र राजनीति का ही बोलबाला है। अतः कोई भी क्षेत्र राजनीति से अछूता नहीं रहा है -

**विश्वविद्यालयेष्वद्य कान्दिशीका हतप्रभाः।**
**मूढ़ाः प्रतिष्ठिता यत्तत् राजनीतेर्नु कौशलम्॥**
**राजसेवासु राजन्ते यद्बृहस्पतिविग्रहाः।**
**केचिद्धुरन्धरास्तच्च राजनीतेर्नु कोशलम्॥**
**विपरीतौषधै रूग्णान् ये कृतान्तसहोदराः।**
**प्रायशो घ्नन्ति तच्चापि राजनीतेर्नु कौशलम्॥** भारती. ५८-६०॥

आज लोकतंत्र में क्या-क्या नहीं हो रहा अतः लोकतंत्र हमारे राष्ट्र में शोकतंत्र हो गया है और उसमें उत्पन्न होने वाले दुःखों को देखकर कवि स्वयं विस्मित है -

**जातं कि सम्प्रति लोकतन्त्रं, राष्ट्रेऽस्मदीये किल शोकतन्त्रम् ?**
**यस्मिन् समुज्जृम्भत एवं दुःखं, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्॥** विस्मय. २९ ॥

आज का लोकनायक या नेता वही है जो अपने नये-नये कारनामों से समाज को डराकर अपना सम्यक् प्रदर्शन कर लेता है। युवावस्था में अपने दुर्गुणों व पापवृत्तियों से जो नेता बन जाता है, वही बाद में मंत्री बनता है। आज समाज में नेताओं का बोलबाला है। कवि अपने भावों की व्यंग्यपूर्ण प्रस्तुति करते हुए **'शैले शैले न माणिक्यं मौक्तिं न गजे गजे।''** सुभाषित को नेताओं के संदर्भ में इस प्रकार प्रस्तुत करता है।

**शैले-शैले मणिः कामं स्यान्न मुक्ता गजे-गजे।**
**वर्तते किंतु नेताऽसौ ग्रामे-ग्रामे गृहे-गृहे॥ भारती. ४३ ॥**

राजनीति में आने के बाद मूर्ख भी महाविद्वान्, नपुंसक व कायर सर्वशक्तिमान, गुणहीन सज्जनों द्वारा पूजनीय और त्याग करने योग्य व निन्दनीय भी सम्मानित हो जाता है। (भारती. ४४) समाज में जो भ्रष्टता व्याप्त है उसके पीछे राजनेताओं का चरित्र ही है। आज सर्वत्र वोट की राजनीति व्याप्त है। स्वयं जीतने के लिए विरोधियों की सभा में भग डालना, मत पेटियों का हरण करना, गुण्डों को पनाह देने, बन्धु बान्धुवों की समुन्नति के लिए नेतागण स्वच्छंदता का आचरण करते है। कवि ने श्वेत खादीधारी और मन व बुद्धि में कलुषता धारण

करने वाले नेताओं पर व्यंग्य किया है –

**स्वैरं चरन्ति वैधेयाः श्वेतखद्दरधारिणः।**

**हृदि बुद्धौ च कालुष्यसन्दोहं दधतस्सदा।।** भारती. ४९ ।।

अलवागवाद की नीति को प्रश्रय देने के कारण और वोट बैंक की राजनीति के कारण शठता का अभिनय करते हुए ईद पर मुस्लिमों के साथ प्रथम पंक्ति में नज़र आते है –

**ईदोत्सवे मुस्लिमपंक्तिधुर्याः, केचित्स्वशाठ्याभिनयं वहन्ति।**

**तत्केवलं हा मतपत्रसिद्धयै, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्।।** विस्मय. ३७ ।।

वोट बैंक व परितुष्टीकरण की नीति के कारण देश दिग्भ्रमित है। नेता अपने कुलक्रमागत धर्म हिन्दुत्व का विरोध कर रहे है। स्वार्थ में अन्धे हुए नेतागण साम्प्रदायिक विद्वेष व वर्णसंघर्ष को बढ़ावा दे रहे है। आग लगाकर नेता लोग दूर से तमाशा देखते है –

**साम्प्रदायिकविद्वेषों वर्णसंघर्षयोजना।**

**स्वार्थान्धनेतृभिः पुष्टं सर्वमद्य महीयते।।**

**अग्निं सन्दीप्य नेतारः स्वयं तिष्ठन्ति दूरतः।**

**ज्वलन्ति केवलं मुग्धा अनाथं जायते कुलम्।।** भारती. १०२-१०३ ।।

हमारी धरती तो परस्पर सामंजस्य व उदारता के लिए प्रसिद्ध रही है विश्वबन्धुत्व और सभी को आत्मसात् करने वाली हमारी संस्कृति आज अपने ही लोगों के विद्रोह के द्वारा छली जा रही है। हमारे नेताओं ने अपने सीमित स्वार्थों के लिए हिन्दू व मुसलमानों के बीच जो विद्वेषपूर्ण वातावरण का निर्माण किया है कवि का मन उससे व्यथित है। डॉ. अर्चना जोशी के अनुसार– ''विक्रयपण्य वीथि' प्रतीत होने वाली, दुष्टों के कोलाहल से युक्त संसद, शासनतन्त्रकीट, आसन्दिकारक्षणमात्र में यत्नशील नेता, पंगु प्रशासन तथा रक्षकों की भक्षकवृत्ति की कवि कड़े शब्दों में निन्दा करता है।''[१८]

**शिक्षा व्यवस्था**

भारत देश की प्राचीन शिक्षा पद्धति विश्व में विख्यात थी तथा पृथिवी के समस्त मनुष्य चरित्र की शिक्षा ग्रहण करने भारत ही आते थे।

**यत्रागत्य चरितं स्वं सकाशादग्रजन्मनाम्।**

**अशिक्षन्त पुरा काले पृथिव्यां सर्वमानवाः।।** भारती. २४ ।।

प्राचीनकाल में शिक्षा व्यवस्था का वर्णन करते हुए 'धारामाण्डवीयम्' शतककाव्य में राजा भोज के समय विश्वविद्यालय था जो वर्तमान में अशर्फीमहल है। इसमें कोई ऐतिहासिक प्रामाण्य नहीं है यह कवि की स्वयं की कल्पना है। उसमें छात्रावास की व्यवस्था तथा अध्यापकों या आचार्यो के जीवन यापन का दायित्व राजकोष पर ही था। अध्ययन में वेदशास्त्र स्मृति, कलाशास्त्र, स्थापत्यादि समस्त विषय पढ़ाये जाते थे। यथा **–छात्रावासव्यवस्था समजनि भवनेऽधस्तले तत्र रम्याऽप्याचार्याणां गुरूणां निखिलमपि सुखं कल्पितं राजकोषात्। वेदाम्नायोपवेदस्मृतिनिचयकलाशास्त्रतर्कप्रपंचस्थापत्यादेः प्रमन्थात्प्रथित इह जगत्यास विद्यालयोऽसौ। धारा. ५५ ।।**

---

१८. अर्वाचीन भारतीय समाज पृ. –२१२

वैदिक शिक्षा के अन्तर्गत कुन्तापमन्त्र, कही सामधेयनी, कहीं आरण्यक, कहीं विधि सहित सामगान, कहीं युक्ति के साथ शौक्ल्य व कार्ष्ण्यमंत्र कहीं तत्ववेताओं के द्वारा यजुष् आदि विविध प्रकोष्ठों में विविध विषयों पर चर्चा होती थी। व्याकरण, मीमांसा, प्रामाण्यवाद, देत्वाभास, स्यादवाद तथा काव्यशास्त्र में धवनि, अलंकार, रीति व वक्रोक्ति आदि के प्रसिद्ध आचार्य विद्यमान थे। सम्पूर्ण विद्याओं को ग्रहण कर आत्मबोध की उन्नति के लिए और संसार में मुक्ति के लिए सुख व मंगल के लिए प्रवृत्त होते थे।

प्राचीनकाल में विक्रमशिला व नालन्दा विश्वविद्यालय शिक्षा के विश्वप्रसिद्ध केन्द्र थे। जहाँ ज्ञान के जिज्ञासु ब्रह्मचारी सभी दिशाओं से आकर ज्ञानार्जन करते थे। यथा–

**ज्ञानाऽमृतपिपासार्ता यत्राऽजग्मुर्वटुव्रजाः।**
**शास्त्रकाव्यादिजिज्ञासाप्रेरिताः सर्वतोदिशम्।।** वैशाली. ७४ ।।

ज्ञान के केन्द्र नालन्दा विश्वविद्यालय को मुगल आक्रान्ताओं ने नष्ट कर दिया और पुस्तकालय जला दिये गये। विश्वगुरू भारत द्रोहानल में जलकर राख हो गया। हजारों वर्षों की परतंत्रता के बाद भारत की शिक्षा पद्धति का ढाँचा ही बदल गया। आज जो विद्यालय है उनकी तक्षशिला से कैसी समानता। आज तो विद्यालयों में विद्या का लय हो गया है। यथा –

**विद्यालयानां कियती प्रतिष्ठाविद्यालयं यान्ति यदीपसीम्नि।।** विस्मय. ७५ ।।

आज विद्यालयों में अधयापकों का ज्ञान के प्रति कोई झुकाव नहीं है मात्र पाठ्यक्रम में रखे गये पाठों को पढ़कर व अध्यापक बनकर वे शिष्यों को छलते हैं –

**अधीत्य कक्षासु नियुक्तपाठान्, प्राध्यापकीभूय ततश्च यत्नैः।**
**आजीवनं ते छलयन्तिशिष्यान्, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्।।** विस्मय. ७६ ।।

आज आध्यात्म विद्या के प्रति छात्रों की कोई रूचि नहीं रही और भोगों के प्रति लोगों की तृष्णा बढ़ गयी है। आज नचिकता यम से हाथी घोड़े, नृत्य, गीत, अर्थ लिप्सा से उद्धत का स्थान भोगसुखेश्णा ने ले लिया है।

**त्यागेन शास्त्राण्यमृतत्वमूधर्वं, दिशन्ति जानन्नपि सत्यमेतत्।**
**सर्वोऽधुनाभोगसुखप्रसक्तो, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्।।** विस्मय. ८२ ।।

प्राचीन ज्ञान की पिपासा अब मात्र अर्थ प्राप्ति का साधन बनकर रह गयी है। मोक्ष व अमरत्व का मार्ग दिखाने वाली विद्या का कोई महत्त्व नहीं है, सांसारिक सुखोपभोग ही वर्तमान शिक्षा का उद्देश्य रह गया है।

**वर्तमान में संस्कृत की दुर्दशा**

प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र का सम्पूर्ण जीवन देववाणी संस्कृत के प्रचार–प्रसार में निरन्तर संलग्न है। वे संस्कृति की सेवा में अहर्निश लगे रहते हैं। वे देववाणी परिषद् नई दिल्ली के अध्यक्ष रहे है और देवाणी परिषद् के वार्षिक सम्मेलन, मैनपुरी से अध्यक्षीय भाषण में बोलते हुए देववाणी की प्रतिष्ठा और देववाणी विरोधियों के अपमान में खुलकर विचार व्यक्त किये है। वे स्वयं कहते है –

**सायं प्रातर्दिवा नक्तं स्वप्ने स्वापेऽथ जागरे।**
**मनसा कर्मणा वाचा सेविताऽम्बा सरस्वती।।** सौव. ३७।।

उन्होंने वेद वेदांगों से सम्मत स्वाधयाय और यथाकाल, यथारूचि, काव्य-नाटकों का प्रणयन ही नहीं किया वरन् देववाणी विरोधियों को मुँहतोड़ जावाब भी दिया है -

**दुर्मुखानि विभग्नानि देववाणीविरोधिनाम्।**
**चारं चारं प्रतिक्षेत्रं भिन्दिपालैर्वचोऽन्वितैः॥** सौव. ३९ ॥

कवि की संस्कृत भाषा के प्रति श्रद्धा व आस्था के कारण ही अपना सुख-दुःख, लाभ-हानि छोड़कर देववाणी के हित के लिए अध्यक्ष के भार को वहन किये रहे और वर्तमान में जो संस्कृत की स्थिति है, उस सारी भड़ास को उन्होंने अपने भाषण में निकाला है। आज सम्पूर्ण भारत में संस्कृत के प्रति विरोधी भाव दिखायी देते हैं। संस्कृत के प्रति द्वैषभावना का कारण समझ नहीं आता। वे बहुक्षीरा देववाणी का तो विरोध करते हैं और स्वल्प दूधवाणी अन्य भाषाओं की सेवा कर रहे हैं। ज्ञान-विज्ञान का जो अपरिमित भण्डार संस्कृत में है वह और कहाँ? कवि को लोगों की बुद्धि पर तरस आता है कि उनकी फल-फूल में तो रूचि है किन्तु जिस पर फल-फूल लगते हैं, ऐसे मूल को काटना चाह रहे हैं। यथा -

**फले पुष्पे समासक्तिर्मूले विच्छेदकामना।**
**परस्परविरूद्धोऽयं संकल्पो नाऽवगम्यते॥** सौव. ५५॥

संस्कृत से विद्वेष करने वालों ने संस्कृत का विरोध करने के लिए कमर कसी हुई है। पूर्वाग्रह से ग्रसित विरोधियों को नहीं पता कि वह किस अमृतमयी भाषा का विरोध कर रहे है।

**ते न जानन्ति दुर्मेधा यदियं भारती शुभा।**
**तेषां सर्वविधोद्धारं कर्तुमेका भुवि क्षमा॥** सौव. ६२॥

संस्कृत हमारी संस्कृति की भाषा है और वही हम भारतीयों का सर्वविध उद्धार कर सकती है। जो देववाणी संस्कृत से द्वैष करते है उनका किसी भी प्रकार से कल्याण नहीं हो सकता। हमारे निगमागम की भाषा संस्कृत है, उसके ज्ञान से रहित मनुष्य पशुवत है यह देखकर मुझे आश्चर्य होता है। यथा -

**सा देववाणी ननु संस्कृताख्या, भाषाऽस्मदीया निगमागमर्द्धा।**
**यज्ज्ञानहीनाः पशुभिस्समाना, दृष्ट्वेति मे विस्मयमेति चित्तम्॥** विस्मय. ९७ ॥

'धारामण्डवीयम्' शतक में राजा भोज की संस्कृत शास्त्रों में निष्ठा और वहाँ की ज्ञान विज्ञान की समृद्धता को याद कर कवि गौरव का अनुभव करता है। राजाभोज स्वयं संस्कृत के विद्वान् थे उन्होंने लीलावती, सरस्वती कण्ठभरणम्, समरागणसूत्रधारः और रामायणचम्पू आदि ग्रन्थ लिखे। परन्तु आज स्वतंत्र राष्ट्र में संस्कृत अपने गौरव को खो चुकी है। आज संस्कृत का तिस्कार व मलेच्छ भाषाओं का पोषण देख कवि दुःखी है। यथा -

**कल्याणीदेववाणी विलपति विधुरा हा स्वतन्त्रेऽपि राष्ट्रे,**
**आसन्दीनां पिशाचैर्विविधहितपथैः पुष्यते म्लेच्छभाषा।**
**विद्येदानी विपन्न नवरसरूचिरा किंच वैधेयविद्धा,**
**वाल्मीकिव्यासभूमावहह नरपते! दृश्यते तद्यथार्थः॥** धारा. ९३ ॥

प्रो. अभिराज राजेन्द्र जी ने स्वतंत्र राष्ट्र भारत में संस्कृत की वर्तमान दुर्दशा पर अत्यन्त खेद व्यक्त किया है। उन्होंने एक 'संस्कृतशतकम्' की रचना भी की है और 'सौवस्तिकशतकम्' तो पूर्णशतक ही देववाणी की

वर्तमान दशा पर कवि का उद्वेलन व रूदन ही है। 'अभिराजसहस्रकम्' में कवि ने विजयतां संस्कृतवर्षम् के अन्तर्गत महाकवि दण्डी और किसी कवि की पंक्तियाँ उद्धृत करते हुए स्वयं की कृति 'प्रभातमंगलशतक' का निम्न श्लोक प्रस्तुत किया है –

**सत्यम्भवे परिणये मरणे च तुल्यं, संस्कारकर्मणि सदा निलिलेऽपि राष्ट्रे।**
**प्रोच्चार्यते सविनयं ननु संस्कृतं तद्, देवार्चितं दिशलु मे नवप्रभातम्॥**

आज की विपरित परिस्थितियों में भी संस्कृत हमारे सामाजिक जीवन के समस्त संस्कारों से सम्बद्ध है। हमारे संस्कार जन्म से लेकर मृत्यु तक संस्कृत में ही बँधे है। इसके पश्चात् कवि ने 'संस्कृतवर्षम्' पर एक गीत भी प्रस्तुत किया है। कवि संस्कृत के स्वाभिमान व समृद्धि की संस्कृत वर्ष में कामना करता है और प्राचीन कवि कालिदास की परम्परा में अर्वाचीन कवि अभिराज आदि के द्वारा श्रेष्ठ सम्मान का अधिकारी बनने की कामना भी अभिव्यक्त की है।

**चिरं वर्धता धीमतां देववाणी। शुभं शंसतां श्रीमतां देववाणी॥**

कवि जहाँ एक ओर देववाणी की समृद्धि की कामना और देववाणी की उपासना करने वालों को वर्धापना का आशीर्वाद देता है वही दूसरी ओर देववाणी का विरोध करने वालों को शाप भी देता है। कवि देववाणी के विरोधियों के प्रति इतना क्रोध से भरा ही है कि वह समस्त देवताओं से उनके विनाश की कामना करता है। वह उनके समस्त सौभाग्य के नष्ट होने और अनन्तः उनकी अन्त्येष्टि होने तक का शाप दे डालता है। कवि का आक्रोश देखिये –

**द्रुह्यतां देवभाषायै कुप्यतां तत्समृद्धये।**
**स्यादनतयेष्टिर्यथाशीघ्रं पण्डितानामुपस्थितौ। सौव. ८५॥**

देववाणी की वर्तमान स्थिति की चर्चा करते हुए कवि अत्यन्त भावुक हो गया है वह संस्कृत द्रोहियों की अनेक प्रकार से अमंगल की कामना करते हुए भारत भुवि पर पुनः संस्कृत के निर्विघ्न बढ़ने और शिखरस्थ होने की कामना करता है –

**सर्वा भाषाः प्रवर्धन्तां निर्विघ्नं संस्कृतान्विताः।**
**वैदुषी शिखरस्था स्याद्भारतस्य यथा भुवि॥** सौव. ९८ ॥

**निष्कर्ष** –

प्रस्तुत शोधपत्र का संक्षेप भाव यह है कि अभिराज जी की अपने प्राचीन सांस्कृति गौरव के प्रति आस्था कूट–कूट कर भरी है। उनके अधिकतर शतक जैसे धारामाण्डवीयम् (भोजशतकम्), गुर्जरशतकम्, उज्जयिनीशतकम्, वैशालीशतकम् और हिमाचलशतकम् प्राचीन भारत के गौरवगान है और भारत के प्राकृतिक सौन्दर्य के स्तवन है। इनमें भारत के सांस्कृतिक व धार्मिक महत्त्व व ऐतिहासिक व पौराणिक संदर्भो का सम्पूर्ण चित्रण कवि द्वारा किया गया है। 'प्रबोधशतकम्' कवि को कालिदास की परम्परा का अधुनातन कवि स्वीकार करती है। 'विस्मयशतकम्' में ह्रास होते भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों, हिन्दू–मुस्लिमों के परस्पर विद्वेष, वर्तमान समाज में व्याप्त राजनीति की विडम्बनात्मक स्थितियों को देखकर भावुक कवि स्वयं विस्मित है। 'भारतीयपरिदेवशतकम्' राजीवगाँधी की मृत्यु पर भारतमाता के संताप को व्यक्त करता है तो

'पाकशासनशतकम्' कारगिल के शहीदां को श्रद्धांजली तो देता ही है, भारत-पाक सम्बन्धों व आतंकवाद की समस्या पर भी चिन्ता व्यक्त करता है। 'सौवस्तिकम्' शतक में देववाणी की वर्तमान स्थिति पर चिन्ता व्यक्त करते हुए संस्कृत द्रोहियों को ललकारा है। उपर्युक्त समसत शतकों को पढ़कर जो एक बात सामान्य है वह यह कि कवि की भारतीय संस्कृति व भारत राष्ट्र गौरव को याद करके कवि गौरान्वित महसूस करता है तो वर्तमान स्थितियों को देखकर व्यथित होता है। कवि की सम्पूर्ण सर्जना जनचेतना को जागृत कर, पुनः भारत को विश्व में स्वाभिमान व सम्मान दिलाने का प्रयास मात्र है। भारतीय होने के नाते कवि का यह प्रयास स्तुल्य एवं वरणीय है।

**- म.न. २ -१२ ,**
**महावीर नगर विस्तार योजना,**
**कोटा राज. पिन -३२४००९**

# नारी सशक्तिकरण - वैदिक कालीन एवं आधुनिक संदर्भ के परिपेक्ष्य में

**-डॉ. संजय शर्मा**

**सारांश** - वैदिक ग्रंथों के अध्ययनोपरान्त ज्ञात होता है कि तत्कालीन नारी की दशा अत्यंत उन्नत और परिष्कृत थी तथा मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में वह समान रूप से आदृत और प्रतिष्ठित थी। वैदिक कालीन नारी का समाज में सम्मानीय और गरिमामय स्थान था। वैदिक कालीन नारी में अनेकानेक गुण थे जिसके कारण देवी और श्री के रूप में आदृत और सम्मानित थी। वैदिक युगीन स्त्री अपनी अस्मिता को बनाए रखने हेतु कृत संकल्प रहती थी। तत्कालीन नारी हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही थी। वैदिक वर्णनों से परिलक्षित होता है कि तत्कालीन नारी अपने विकास हेतु जागरुक थी। वैदिक काल में स्त्री को उच्च स्तर प्रदान किया जाता था। वर्तमान में महिलाओं ने ऐतिहासिक उदाहरणों के अध्ययनोपरांत अपनी मेहनत और आत्मविश्वास के आधार पर अपने लिए नई मंजिलें, नये रास्तों का निर्माण किया है। महिलाओं की स्थिति में सुधार ने देश के आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक मायने ही बदल दिए हैं। नारी उत्थान में ही भारत के उज्ज्वल भविष्य की सम्भावनाएं सन्निहित हैं।

**मूल शब्द- महिला सशक्तिकरण संवैधानिक प्रयास, योजना तथा नीति द्वारा प्रयास**

परिचय- प्राचीन काल से भारतीय सभ्यता तथा संस्कृति में नारी का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। नारी अपने सृजनशीलता और कलात्मक प्रवृत्तियों से नर की सृष्टि पूर्णत: प्रदान करती आ रही है।

नारी शब्द नृ धातु अथवा नर शब्द से बना है नृ+अच्+ङीन = नारी। महाभाष्य में आचार्य पतंञ्जलि ने कहा है -

**नृधर्म्यान् नारी नरस्यापि नारी (महाभाष्य ४, ४, ९)**

इसी नारी शब्द के लिए 'स्त्री' शब्द जितना अधिक व्यापक है उतना ही अधिक प्रचलित भी है। वैदिककाल में प्रसिद्धि पा चुका ये स्त्री शब्द आज भी भारत की लगभग सभी भाषाओं में अपना स्वरुप किसी न किसी रूप में बनाये हुए है। स्त्री शब्द स्त्यै शब्दसंघात्यों धातु पूर्वक इट् एवं ङ्ीप प्रत्यय से सिद्ध होता है (स्त्यै+इट् +ङीन=स्त्री) आचार्य पाणिनि के मत में स्त्यै शब्द संघात्यो इस धातु के अनुसार स्त्री शब्द का अर्थ शब्द करना एवं इकठ्ठा करना स्पष्ट होता है जबकि, आचार्य यास्क के मत में स्त्रियाँ सत्यायन्ते अपत्र **पर्णाकर्मण:** (निरुक्त ३/२१/२) अर्थात स्त्री का स्त्रीत्व उसके लज्जा होने में ही है, ऐसा अर्थ किया है एवं आचार्य दुर्ग ने भी निरुक्त की टीका में लिखा है-

**लज्जन्ते अपि ता: अर्थात्** वे लजाती है इसलिए स्त्री है।

भाष्यकार के मत में **'गुणानां स्तयानं स्त्री'** अर्थात शब्द स्पर्श, रूप, रस एवं गंध इन सबकी खान है स्त्री। स्त्री अबला रमणी, कान्ता, प्रमदा, वामा, तरुणी, दुहिता, माता, कन्या, बाला, सुता, वधु, शक्ति, देवी एवं जननी इत्यादि शब्द नारी शब्द के ही पर्याय हैं। जो इसके वैशिष्ट्य को बतलाते हैं। ऋग्वेद विश्व के पुस्तकालय का ईश्वर प्रदत्त प्रथम एवं श्रेष्ठ रत्न है अत: वैदिक वाङ्मय में नारी की स्थिति को सम्यक एवं यथारूप में जानने

लिए प्रदत्त प्रथम एवं श्रेष्ठ रत्न है अत: वैदिक वाङ्मय में नारी की स्थिति को सम्यक एवं यथारूप में जानने के लिए प्रथम तथा इसी पवित्र ग्रन्थ का अध्ययन अति आवश्यक है। उसी के अनुशीलन के साक्ष्यों के आधार पर तत्कालीन नारी की स्थिति का परिचय सही रूप में परिलक्षित किया जा सकता है। प्राचीन काल से ही भारतीय सभ्यता तथा संस्कृति नारी का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। वेदों में, वर्णित समाज में स्त्री पुरुष में किसी भी प्रकार के विभेद का उल्लेख प्राप्त नहीं है। अनेक वैदिक ग्रन्थों से वेदों में भावात्मक दृष्टि से भी नारी का समान रूप से आदर का भाव दृष्टिगोचर होता है।

वैदिक ऋषियों ने नारी शिक्षा के समान रूप से महत्व के साथ-साथ नारी के लिए सभी अन्य क्षेत्रों में भी समानता के अधिकार की बात कही गई है। नारी की शिक्षा, धर्म विवाह राजनीति एवं अन्य सामाजिक कार्यों में भी भाग लेने की पूर्ण स्वतंत्रता की परिचर्चा वेदों में कही गई है। जिसके कतिपय उदाहरण निम्नवत हैं-

**१. अध्ययन- अध्यापन में समान अधिकार-**

**'देवा एतस्याम वदन्त पूर्वे सप्त ऋष यस्तपसे ये निषदु:ख।'**
**'भीमा जाया ब्रह्मस्यो पनीता दुर्धा दधाति परमे व्योमन्॥'** (ऋग्वेद १०/१०९/४१)
**ब्रह्मचर्येण कन्या युवाने विन्दतेपतिम्** (अथर्ववेद ११/५/१८)
**अहं क तुरहं मूर्धाहमुग्रा विवाचनी** (ऋग्वेद १०/१५९/२)

अर्थात् ब्रह्मचर्य का सूक्त एवं ऋग्वेद में स्पष्ट उल्लेख है कि कन्या ब्रह्मचर्य का पालन करके ही विवाह करे और ज्ञानवती एवं शत्रुनाशिका हो। वैदिक काल में गार्गी, मैत्रेयी, लीलावती, आत्रेयी एवं अनुसूया सदृश नारियों का अस्तित्व इस बात का पर्याप्त प्रमाण है कि इस काल में नारियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त था।

**२. विवाह की स्वतंत्रता-**

**युवतयो युवानं परिसन्त्याप:** (ऋ० २/३५/४)

जैसे नदियाँ स्वयं समुद्र को प्राप्त होती हैं, उसी प्रकार कन्याएं भी युवक का वरण करती हैं ।

**३. श्रवण एवं वाचन का अधिकार-**

**गुहा चरन्ती मनुषो न योषा समावती विघयेव संवाक्** (ऋ० १/६७/३)

आ विदथ भावदासि (अर्थ०१४/१/२१) अर्थात स्त्री स्वयं रथ का चयन कर उस पर आरोहण होकर संस्थाओं में श्रोत्री एवं वक्त्र के रूप में स्वतंत्र तथा अधिकारिणी है।

**४. राजनीति में समान अधिकार-**

राजा के समान नारियाँ भी राजकार्य में सहभागिता की बात वेदों में प्राप्त होती है (यजु०१३/१८) न्याय व्यवस्था में भी वह समान रूप से भाग ले सकती हैं। (यजु० १३/७)

यजुर्वेद के सोलहवें अध्याय के चवालीसवें मन्त्र में स्पष्ट रूप से लिखा है कि शूरवीर स्त्रियों की भी सेना होनी चाहिए और उन्हें भी युद्ध करना चाहिये। (यजु० १६/४४) मा करत्रबला अस्य सेना अर्थात स्त्रियों की सेना का उल्लेख प्राप्त होता है । (ऋ० ५/१०/९)।

याज्ञवल्क्य स्मृति में प्रतिपादित वर्ण्य विषयों पर हम एक दृष्टि डाले तो वहाँ यही प्रतीत होता है कि धर्मशास्त्रकार के चिंतन का केंद्र बिंदु नारी ही रही है ।

नारी ने अपने सदाचार, त्याग, आचरण और निर्माण शक्ति से परिवार एवं समाज को प्रभावित कर सदा सन्मार्ग दिखलाया है। नारी सदैव मनुष्य के लिये पथ-प्रदर्शिका रही है। अतः समाज में सर्वदा नारी का एक सम्मानित स्थान रहा है। हमारी संस्कृति इतनी विस्तृत एवं विश्व प्रसिद्ध होने के उपरान्त भी जब नारी उत्थान की बात चलती है तो अनायास ही मस्तिष्क में प्रश्न उभरता है कि सृष्टि के प्रारम्भिक काल में भी नारी को समाज में उच्च स्थान प्राप्त था। तो क्या कभी नारी की स्थिति अत्यंत दयनीय भी रही होगी।

वास्तविकता यह है कि समय एवं परिस्थितियों में परिवर्तन के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों में भी अंतर आता है, एक समाज में किसी व्यक्ति विशेष को उच्च स्थान प्राप्त होता है, वहीं दूसरे परिवेश में वही व्यक्ति निम्न स्थान को भी प्राप्त हो सकता है, यही स्थिति नारी की भी हुई है ।

**महिला सशक्तिकरण क्या है?**

महिला सशक्तिकरण को बेहद सरल शब्दों में परिभाषित किया जा सकता है कि इससे महिलाएँ शक्तिशाली बनती हैं जिससे वह अपने जीवन से जुड़े हर फैसले स्वयं ले सकती है ।

समाज में उनके वास्तविक अधिकार एवं स्वाभिमान को प्राप्त करने के लिए उन्हें सक्षम बनाना ही महिला सशक्तिकरण कहलाता है।

**भारत में महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता क्यों?**

महिला सशक्तिकरण की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि एक लंबे समय से भारत में लैंगिक असमानता और समाज में पुरुष की प्रधानता रहती आयी है। महिलाओं को उनके प्रति की गयी विविध प्रकार की हिंसा एवं भेदभाव जैसे सती प्रथा, नगर वधू व्यवस्था, दहेज प्रथा, यौन हिंसा, घरेलू हिंसा, गर्भ में बच्चियों की हत्या, पर्दा प्रथा, कार्य स्थल पर यौन शोषण, बाल मजदूरी, बाल विवाह तथा देवदासी प्रथा आदि कुपरम्परायें हैं। ऐसा केवल भारत में ही नहीं बल्कि अन्य देशों में भी प्रत्यक्ष होता है।

भेद-भाव पूर्ण दस्तूरों के साथ इस तरह की कुप्रथाओं के कारण पितृ सत्तात्मक समाज और पुरुष प्रधान मानसिकता है। लैंगिक भेद-भाव राष्ट्र में सांस्कृतिक , सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक अंतर ले आता है, जो देश को पीछे की ओर धकेलता है।

**सशक्तिकरण के उपाय-**

महिलाओं को सशक्त बनाने के सबसे पहले समाज में उनके अधिकारों और मूल्यों को मारने वाली उपरोक्त सभी राक्षसीविचारधाराओं को मारना अति आवश्यक है। महिलाओं के उत्थान के लिए एक स्वस्थ परिवार की जरूरत है, जो राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। आज भी कई पिछड़े क्षेत्रों में माता-पिता की अशिक्षा, असुरक्षा और गरीबी की वजह से कम उम्र में विवाह और बच्चे पैदा करने का प्रचलन है हालांकि ऐसे बड़े विषयों को सुलझाने के लिए महिलाओं सहित लगातार सभी के सहयोग की जरूरत है ।
कानूनी अधिकार के साथ महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए संसद द्वारा पास किए गए अधिनियम-२

१. अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम- १९५६।

२. दहेज अधिनियम- १९६१।

३. एक समान परिश्रमिक एक्ट-१९७६।

४. मेडिकल टर्म्रेशन ऑफ प्रेगेंसी एक्ट-१९८७।

५. लिंग परीक्षण तकनीक (नियंत्रण और गलत इस्तेमाल के रोकथाम एक्ट-१९९४)।

६. कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अधिनियम-१९९४।

७. बाल विवाह रोकथाम एक्ट-२००६।

८. कार्यस्थल पर महिलाओं यौन शोषण एक्ट,-२०१३।

९. मातृत्व सम्बन्धी लाभ हेतु अधिकार-२०१६।

१०. संपत्ति का अधिकार।

११. पति की संपत्ति से जुड़े अधिकार।

१२. घरेलू हिंसा के खिलाफ अधिकार।

१३. यौन उत्पीडन मामलें में नाम न छपाने का अधिकार।

१४. पति-पत्नी सम्बन्धी अधिकार।

**ग्रामीण स्तर पर नारी सशक्तिकरण-**

हम खुद को मार्डन कहते हैं, लेकिन सच यह है कि माडर्नाइजेशन सिर्फ हमारे पहनावे में आया है लेकिन विचारों से हमारा समाज आज भी पिछड़ा हुआ है। नई पीढ़ी की महिलाएं तो स्वयं को पुरुषों से बेहतर साबित करने का एक भी मौक़ा गंवाना नहीं चाहती, लेकिन गांव और शहर की इस दूरी को मिटाना जरूरी है। यहां महिलाओं की उपर्युक्त कानून बनाकर काफी शक्तियाँ दी गई है। लेकिन ज़मीनी स्तर पर अभी भी बहुत काम करने की आवश्यकता है।

**भारत में महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार की भूमिका-**

महिला सशक्तिकरण के लिए बाल विकास कल्याण मंत्रालय और भारत सरकार द्वारा भारतीय महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, इन्हीं में कुछ मुख्य योजनाओं के विषय में नीचे बताया गया है-

१. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस ८ मार्च १९१४।

२. स्पोर्ट टू ट्रेंनिंग एंड एंप्लकेयमेंट फॉर वूमेन स्केप (१९८६) ८७)।

३. स्वधार गृह योजना २००१-०२।

४. महिला हेल्प लाइन योजना (१५ नवम्बर २०१२) उ० प्र०।

५. निर्भया योजना २०१३।

६. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना (२२ जनवरी २०१५) ।

७. वन स्टाप योजना (१ अप्रैल २०१५)।

८. महिला ई-हाट (७ मार्च २०१६)।

९. उज्ज्वला योजना (१ मई २०१६)।

१०. नंदा गौरा योजना (१५ जून २०१७ उत्तराखंड)।

११. महिला शक्ति केंद्र योजना ( २०१७-१८)।

१२. सुकन्या समृद्धि योजना (१ जनवरी २०१९)।

१३. दीनदयाल स्पर्श योजना (छात्रवृत्ति)(२०१९)।

१४. कार्य महिला छात्रवास योजना।

१५. पंचायती राज योजनाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण।

१६. अस्मिता योजना।

**निष्कर्ष-**

आज देश में महिलाओं के हक में तमाम कानून दिखाई देते हैं, लेकिन इन कानूनों के बावजूद महिलाओं की स्थितियों में बहुत सुधार कहीं दिखाई नहीं देता। वे कौन सी समस्याएं हैं? जो महिलाओं को उनका समुचित हक और इंसाफ दिलाने में बाधाएं उत्पन्न करती हैं? क्या हमारे देश के कानून की संरचना में ही कुछ खामियाँ हैं, जो महिलाओं को उनका हक नहीं मिल पाता? सिर्फ कानून बनाने से काम नहीं चलेगा, संपूर्ण समाज को जागृत करना होगा, तभी नारी के स्वाभिमान और सम्मान की रक्षा हो पाएगी। इसके लिए जरूरत है चेतना की, जागरूकता की, आत्मविश्वास की। और इस सबका निदान है- नारी शिक्षा।

स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि जब तक महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं होगा तब तक विश्व का कल्याण नहीं हो सकता। किसी भी पक्षी के लिए एक पंख से उड़ना संभव नहीं है।

आइये, हम कन्याओं के जन्म पर खुशियाँ मनाएं। मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि बेटी के जन्म पर पांच पौधे लगाकर खुशियां मनाएं। हमें समाज में ही नहीं, बल्कि परिवार के भीतर भी महिलाओं और पुरुषों के बीच भेदभाव को समाप्त करना होगा एवं उनको खुद से जुड़े फैसले लेने की स्वतंत्रता देनी होगी। सही मायने में हम तभी नारी सशक्तिकरण को सार्थक कर सकते हैं।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची-**

१. जिज्ञासु, ब्रह्मदत्त (सम्पा) २०१० अष्टाध्यायी सूत्रपाठ, श्री रामलाल कपूर ट्रस्ट सोनीपत।

२. जिज्ञासु, ब्रह्मदत्त (सम्पा) सं० २०५०धातुपाठ, श्री रामलाल कपूर ट्रस्ट सोनीपत।

३. देवव्रत (सम्पा) १९६२ व्याकरण महाभाष्यम (भाग ५) हरियाणा साहित्य संस्थान गुरुकुल झज्झर रोहतक।

४. मिश्र मंण्डन, २००९ कृष्ण यजुर्वेद तैत्तिरीय संहिता, श्री लाल बहादुर राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, दिल्ली।

५. योगी सत्य भूषण (सम्पा) १९६६ मनुस्मृति मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली ।

६. शर्मा, मुकुंद, 2008 निरुक्त (विव्रन्ति व्याख्या) चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, दिल्ली।

७. शर्मा डॉ. गंगा सहाय (सम्पा) २०१५, अथर्ववेद संस्कृत साहित्य प्रकाशन, नई दिल्ली।

८. शर्मा डॉ. गंगा सहाय (सम्पा) २०१६, ऋग्वेद संस्कृत साहित्य प्रकाशन, नई दिल्ली।

९. सरस्वती, स्वामी जगदीश्वरानंद (सम्पा) २००४ यजुर्वेद, विजय कुमार हसानंद, दिल्ली।

**-असि. प्रो. संस्कृत विभाग**

**श्रीरतन सिंह मेमो.पी.जी महाविद्यालय,**

**पुवायाँ, शाहजहाँ, उ. प्र.**

# रात्रि-भोज त्याग जैन जीवन शैली

-डॉ. अनुभा जैन

इस आधिभौतिक जगत् में प्रत्येक जाति के प्राणियों की एक विशिष्ट संरचना होती है। अतः विभिन्न प्रकार के भोजन ग्रहण करके उन्हें पचाने की प्रक्रिया एवं क्षमता भी विभिन्न होती है। जिस प्रकार एक विशाल मशीन में छोटे-छोटे पुर्जे एक-दूसरे से सम्बन्धित होते हैं और उनके आपसी सहयोग से मशीन सुगमता से अपना कार्य करती है, उसी प्रकार मानव शरीर के भीतर अनेक अवयव होते हैं, जिनके आपसी सहयोग से मानव शरीर सुव्यवस्थित रूप से अपना कार्य निरन्तर अबाधगति से करता रहता है। संवेदनायुक्त ये अवयव अनेक रासायनिक पदार्थों को शरीर की आवश्यकतानुसार सृजित एवं निष्कासित करते रहते हैं तथा शरीर के अन्दर ही भोजन को सूक्ष्मातिसूक्ष्म रूप में वितरित कर आवश्यक ऊर्जा प्रदान करते रहते हैं। आपसी सहयोग से कार्य करने वाले अवयवों से निर्मित मानव-संरचना की प्रकृति के विरूद्ध जब मानव कोई भी कार्य करता है तो शरीर तत्काल ही प्रतिकूल प्रतिक्रिया कर देता है। जैनाचार्य समन्तभद्र ने भी **'अजंगमं जंगमनेय यन्त्रं तथा जीव धृतं शरीरम्'** कह कर शरीर की यन्त्र से उपमा दी है।

मानव-शरीर में पाए जाने वाले रासायनिक तत्त्वों में फॉस्फोरस (P) और कैल्शियम (Ca) प्रधान तत्त्वों में से हैं जिनसे अस्थियों और दाँतों का निर्माण होता है। सूर्य के प्रकाश से शरीर में ऊर्जा एवं रक्त का संचार सुव्यवस्थित रूप से होता है। रक्त में विद्यमान एर्गेस्टेरोल (Ergesterol) नामक पदार्थ सूर्य के प्रकाश के संयोग से विटामिन डी में परिवर्तित हो जाता है, जो अम्ल एवम् क्षार (Acid & Alkali) के परिमाण को नियन्त्रित करके भोजन में से कैल्शियम और फॉस्फोरस को ग्रहण करने में सहायक होता है[१] लेकिन सूर्य के प्रकाश के अभाव में यह प्रक्रिया समुचित प्रकार से नहीं हो सकती। इसी वैज्ञानिक दृष्टिकोण को आध्यात्मिक रूप से व्याख्यायित करते हुए जैनाचार्यों का मत है कि प्रत्येक जीव योनिस्थान में प्रवेश करते ही अपने शरीर के योग्य कुछ पुद्गल[२] वर्गणाओं (आहार) को ग्रहण करता है। तत्पश्चात् उनके द्वारा क्रम से शरीर, श्वास, इन्द्रिय, भाषा व मन का निर्माण करता है। इन्हें ही ६ पर्याप्तियाँ कहते हैं। [३] जिनेन्द्र देव द्वारा उपदिष्ट ये पर्याप्तियाँ इसी क्रम से होती हैं।[४] यद्यपि स्थूल दृष्टि से देखने पर इस कार्य में बहुत समय लगता है पर सूक्ष्म दृष्टि से देखने पर ये पर्याप्तियाँ

---

१. https://www.ncbi.nlm.nih.gov/pubmed/7224629
https://www.ncbi.nlm.nih.gov/pmc/articles/PMC1563624/
http://generalbacteriology.weebly.com/bacterial-growth.html

२. राजवार्तिक, ५.१.२६

३. मूलचार, पर्याप्त्याधिकार: १०४९: छप्पि य पज्जत्तीओ बोधव्वा होंति ..........................।

४. मूलाचार, पर्याप्त्याधिकार: १०४७: आहारे य सरीरे तह इंदिय आणपाण भासाए।
होंति मणो वि य कमसो पज्जत्तीओ जिणक्खादा।

अन्तर्मुहूर्त्त में पूर्ण हो जाती हैं।[५] इस प्रकार आहार आदि कारणों की सम्पूर्णता ही पर्याप्ति है।[६] आहार के विषय मे कहा गया है कि कर्म तथा नोकर्म रूप से परिणत हुए पुद्गलों को ग्रहण करना आहार है अर्थात् तृप्ति के लिए कारणभूत पुद्गल समूह ही आहार है[७] तथा जीव (औदारिक, वैक्रियिक, आहारक) तीन शरीर के योग्य ग्रहण की गई आहार वर्गणाओं को खल-रस-अस्थि-चर्मादिरूप और रक्त-वीर्यादिरूप भाग से परिणमन कराने में समर्थ होता है।[८] इन पर्याप्तियों के व्यापारों में अर्थात् प्रवृत्तियों में परिणमन करने की शाक्तियों के कारण जो पुद्गल स्कन्ध हैं[९] उनकी निष्पत्ति पूर्वक इन पर्याप्तियों को पूर्ण कर जिस गति का उदय होता है, उनके अनुसार शरीर का निर्माण होता है।[१०] भारतीय परम्परा में आहार की शुद्धता पर महती बल दिया गया है। भारतीय संस्कृति इस तथ्य को स्वीकार करती है कि भोजन की सामग्री और भोजन बनाने वाले व्यक्ति के आचार-व्यवहार का प्रभाव भोजन ग्रहण करने वाले पर भी पड़ता है। कहा भी गया है जैसा अन्न वैसा मन। अतः भोजन का प्रभाव मात्र शरीर पर ही नहीं अपितु मन पर भी पड़ता है।

पारम्परिक एवं वैज्ञानिक दोनों ही दृष्टिकोण से यह स्पष्ट है कि वनस्पति के विकास में प्राकृतिक तत्त्वों का योगदान है।[११] तभी वैदिक ऋषि प्राकृतिक तत्त्वों को दैवीय शक्ति स्वीकार करके इन्द्र देव से वृष्टि के द्वारा भूमि को सम्पन्न बनाने के लिए तथा पूषा देव से सूर्य-प्रकाश के द्वारा कृषि योग्य भूमि की रक्षा करने हेतु स्तुति करता है।[१२] इसीलिए पंचतत्त्वों से निर्मित वनस्पतियों में यह तत्त्व शक्ति है जो मनुष्य की शारीरिक शक्ति में वृद्धि करती है तथा रोगों का निवारण करती है,[१३] शरीर के स्वस्थ रहने से मानव मानसिक रूप से भी प्रसन्न रहता है।

जैन-परम्परा की भोजन-प्रणाली तो सम्पूर्ण रूप से सूर्य पर ही निर्भर है। जैनाचार्यों के अनुसार सूर्य के प्रकाश में पल्लवित, पुष्पित एवं विकसित हुई भोजन सामग्री ही आहार के योग्य है साथ ही जैनागमों में सूर्य के प्रकाश में ही भोजन करने का उपदेश मिलता है, क्योंकि ऐसा भोजन अनेक रोगों का निवारण करके मानव को हृष्ट-पुष्ट बनाता है, क्योंकि सूर्य प्रकाश एवं ऊष्णता का साधन तो है ही साथ ही रोगों का निवारण करने में भी

---

५. मूलाचार, पर्यापत्यधिकारः १०५०ः — पज्जत्तीयपज्जता भिण्णमुहुत्तेण होंति णायधवा। अणुसमयं पज्जत्ती सव्वेसिं चोववादीणं।।

६. मूलाचार, उत्तरार्द्ध, पर्याप्त्यधिकार, १०४४ पर आचारवृत्तिः। — पर्याप्ती आहारादिकारण संपूर्णताः।

७. द्र0- मूलाचार, उत्तरार्द्ध, पर्याप्त्यधिकार, १०४७ पर आचारवृत्तिः।

८. गोम्मटसार जीवकाण्ड, ११९ः — औदारिकवैक्रियिकाहारकशरीर नामकर्मोदय...

९. मूलाचार, १३४-१३५ः — आहार- सरीरींदियणिस्सासुस्सास भासमण साणं। परिणइ वावारेसु य जाओ छ च्चैव सत्तीओ। तस्सेव कारणाणं पुग्गलखंधाण जाहु णिप्पती। सा पज्जत्ती भणदि ..................................।

१०. द्र०- अथर्व0 ८.२.५ः

११. अथर्व0 ३.१७.४ः — इन्द्रः सीतां निगृह्णातु तां पूषाभि रक्षतु।

१२. अथर्ववेद, ८.२.२८ः — अग्ने: शरीरमसि पारयिष्णु रक्षोहासि सपत्नहा। अथो अमीवचातनः .......................................।

१३. धवला पुस्तक, १२.४ः — रत्तीए भोयणं रादि भोयणं

सहायक है। सम्भवत: इन्ही सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए जैन परम्परा के अरिहन्तों, आचार्यों, उपाध्यायों और मुनियों ने मानव को अपनी जीवन-शैली को सुखमय बनाने के लिए तथा स्वस्थ जीवन जीने के लिए अनेक मन्त्र दिए हैं, जिनमें से रात्रि भोजन का त्याग करना एक महत्त्वपूर्ण मन्त्र है, जो अधिभौतिक, आध्यात्मिक दृष्टि से उचित होने के साथ-साथ समीक्षात्मक रूप से वैज्ञानिक तथ्य भी सिद्ध हुआ है। जैन-परम्परा में रात्रि में भोजन करना सर्वथा निषिद्ध है। रात्रि में भोजन सो रात्रि भोजन।[१४] स्पष्टत: रात्रि भोज त्याग का अर्थ है कि सूर्य के उदय रहते हुए ही भोजन ग्रहण करना।[१५] इसका मुख्य कारण यह है कि नग्न दृष्टि से न दिखाई देने वाले कीटाणु सूर्य की रोशनी में छायादार स्थानों पर शरण ले लेते हैं, परन्तु नष्ट नहीं होते। सूर्यास्त होते ही वे सम्पूर्ण वातावरण में प्रवेश कर जाते हैं तथा भोज्य पदार्थों में मिल जाते हैं। इस प्रकार एक तो ऐसा भोजन रुग्ण स्वास्थ्य का कारण बनता है दूसरा सूक्ष्मातिसूक्ष्म जीवों से युक्त भोजन करने पर मानव माँसाहार का दोषी बन जाता है। अत: जैनागमों में रात्रि भोज करना हिंसा जैसे पापों का निमित्त होने से त्याज्य है। जैनाचार्यों ने रात्रि भोजन विरमण को अहिंसाव्रत की ५ भावनाओं में अन्तर्निहित किया है।[१६] ये भावनाएँ हैं- वचनगुप्ति, मनोगुप्ति, ईर्यासमिति, आदाननिक्षेपणसमिति और आलोकितपान भोजन।[१७] यह पाँचवी आलोकितपान भोजन से तात्पर्य है दिन में शोध हुआ भोजन, क्योंकि सूर्य के प्रकाश में इस प्रकार का सामर्थ्य है कि उस समय जीव-जन्तुओं का विकास नहीं होता। सूर्य के प्रकाश में खाने से जीव हिंसा से बचाने का यत्न करना-यही पाँचवी भावना है।

परिग्रह और रात्रि भोजन परस्पर सम्बन्धित हैं, क्योंकि दोनों का कार्य समान होने से परस्पर संगति है यथा- रात्रि को भोजन करने से भावहिंसा तथा द्रव्यहिंसा दोनों होती है। इसलिए जैन शासन का यही उपदेश है कि यथासम्भव द्रव्य व भाव हिंसा से बचने के लिए रात्रि भोजन का त्याग कर देना चाहिए।[१८] रागादि की प्रचुरता और सदाकाल भोजन करने से रात्रि भोज में हिंसा होती है इस हिंसा से बचने के लिए जैनाचार्य रात्रि भोज त्याग का उपदेश देते हैं।[१९] व्यवहार-नय से भोजन-पान ही प्राण माना गया है, क्योंकि उसके अभाव में जीवन स्थिर नहीं रह सकता परन्तु जिस प्रकार इस आधिभौतिक जगत् में दृश्यमान सभी प्राकृतिक तत्त्व अपनी मर्यादा एवं नियमों में बंध कर ही कार्य करते हैं। विज्ञान भी नियमों और सिद्धान्तों के तहत कार्य करता है। जैन-परम्परा के सिद्धान्त

---

१४. अनस्तमिताशिन: अनस्तामिते सूर्ये अश्नाति तदव्रत:।

१५. सर्वार्थसिद्धि सप्तमोऽध्याय:, ६६४: ननु च षष्ठमणुव्रत ................................. भवानास्वन्तर्भावात्। अंहिसाव्रतभावना हि वक्ष्यन्ते। तत्र आलोकितपानभोजन भावना कार्येति।

१६. तत्त्वार्थसूत्र, अधयाय ७, सूत्र ४: वाङ्मनोगुप्तीर्यादाननिक्षेपणसमित्यालोकितपान भोजनानि पंच।
सर्वार्थसिद्धि, सप्तम अध्याय, ६६९: वाग्गुप्ति: मनोगुप्ति: ईर्यासमिति:
आदाननिक्षेण समिति:

१७. पुरुषार्थ सिद्धयुपाय, १२९: रात्रे भुंजानानां यस्मादनिवारिता भवति हिंसा।
हिंसाविरतैस्तस्मात्यक्तव्या रात्रिभुक्तिरपि।।

१८. पुरुषार्थसिद्धयुपाय, १३१: यद्येवं तर्हि दिवा कर्त्तव्यो भोजनस्य परिहार:।
भोक्तव्यं तु निशायां नेत्थं भवति हिंसा।।

१९. पुरुषार्थ सिद्धयुपाय, १३२: नैवं वासरभुक्ते: भवति हि रागाधिको रजनिभुक्तौ।
अन्नकवलस्य भुक्ते: भुक्ताविव मांसकवलस्य।।

भी मर्यादा में बाधँाते हुए हैं। यही कारण है कि यह पूर्णतया वैज्ञानिक है। जैनाचार्यों का भी यही मत है कि यदि बिना नियम के दिन रात मनचाहा भोजन करने वाला हिंसा का भागी होता है। जो जीव आहार–विहार में दिन रात्रि का कोई भेद नहीं रखते, वे मानव नहीं है। नैतिकता का भी यही नियम है कि मानव का आचरण उच्च व आदर्श होना चाहिए।

मानव–जीवन में अनुशासन का अत्यधिक महत्त्व है। अत: उसकी जीवन शैली भी इस प्रकार की होनी चाहिए कि प्रत्येक कार्य नियमित रूप से नियमित समय पर हो। वह विपरीत कार्य अज्ञानवश रागादि विकारों की अधिकता के कारण करता है। अविवेकी तथा असंयमित जीवन निरर्थक माना गया है। भोजन, दान, हवन, पूजन आदि मांगलिक कार्य व नित्यकर्म दिन में ही सम्पन्न किए जाते हैं, रात्रि में नहीं। सनातन धर्म में भी रात्रि में शुभ कर्म करने का निषेध है। वैदिक परम्परा में भी प्रकाशमय सूर्य की किरणों से सम्पूर्ण जगत के पवित्र होने पर ही शुभ कर्म करने का उपदेश देती है, क्योंकि सूर्य के बिना संसार के अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती इसलिए इसे स्थावर–जंगम जगत् की आत्मा कहा गया है।[२०] जब सूर्य हमारे ठीक ऊपर होता है, तब जठराग्नि चरम सीमा पर होती है और उस समय खाया गया भोजन समुचित प्रकार से पच जाता है। सूर्यास्त के पश्चात् सूर्य की अनुपस्थिति में यह प्रणाली निष्क्रिय होने लगती है, रस प्रक्रिया भी शिथिल होने लगती है जिससें भोजन पूर्ण रूप से नहीं पचता। अपचित भोजन वसा के रूप में संगृहीत होकर वज़न में वृद्धि करता है तथा बहुत से रोग उत्पन्न करता है। तभी जैनाचार्यो ने कहा है कि दिन के ८ वें भाग में सूर्य का तेज मंद हो जाता है, उसी को रात्रि जान कर उसके बाद भोजन ग्रहण नहीं करना चाहिए। अत: जैन शास्त्रों में उपदिष्ट है कि सूर्यास्त से ४ घंटे पहले भोजन करने की आज्ञा देता है, जिससे स्वास्थ्य अच्छा रहे और पाचन में कोई कष्ट न हो। इसके अतिरिक्त दिन में भोजन करने की अपेक्षा रात्रि के भोजन में सूर्य के प्रकाश के समान प्रकाश न होने से भोजन में गिरने वाले जीव स्पष्ट दिखाई नहीं देते। फलत: हिंसा के आयतन होने से परिग्रह व रात्रि भोजन दोनों ही वर्जनीय सिद्ध होते हैं। अत: जो पुरूष मन, वचन, काय से रात्रि भोजन का त्याग करता है वह निरन्तर अहिंसा का पालन करता है।[२१] अत: नैतिक तथा धार्मिक दोनों दृष्टियों से रात्रि भोजन वर्जनीय है।

देव पूवार्ह्ण में, ऋषि मध्याह्न में, पितृगण अपराह्ण में भोजन करते हैं। दैत्य दानव सांयाह्ण में तथा यक्ष–राक्षस सन्ध्या में भोजन करते हैं। इन सब समय को लांघकर रात्रि में भोजन करना सर्वथा अनुचित है। ऐसा व्यक्ति प्रमादी हो कर धर्म के दशलक्षणों का पालन नहीं करता।[२२] आयुर्वेद में भी कहा है कि सूर्यास्त हो जाने पर हृदय और नाभि में स्थित कमल भी बन्द हो जाता है।[२३] जैन मुनि श्री १०८ प्रमाण सागर महाराज जी ने भी अपने प्रवचन में कहा कि सूर्य के प्रकाश में केवल प्रकाश ही नहीं होता, बल्कि जीवनदायिनी शक्ति भी रहती है। सूर्य प्रकाश का हमारे पाचन तन्त्र के साथ गहरा सम्बन्ध है। जिस प्रकार सूर्य का प्रकाश प्राप्त कर कमल खिल जाते हैं

२०. सागर धर्मामृत १३ (४).२७ — यत्र सत्पात्रदानादि किंचित् सत्कर्मनेष्यते।
कोऽद्यातत्रत्ययमये स्वहितैषी दिनात्यये।।

२१. द्र0– ऋग्वेद, १.११.५.१

२२. पुरुषार्थ सिद्धयुपाय, १३४: — किं वा बहुप्रलपितैरिति सिद्धं यो मनोवचनकायैः।
परिहरित रात्रिभुक्तिं, सततमहिंसा स पालयति।।

२३. अनगार धर्मामृत, ७.२३: — बह्वाशी चरति क्षमादिदशकं दृप्यन्न नावश्यका।

और उसके अस्त होते ही मुरझा जाते हैं उसी प्रकार जब तक सूर्य प्रकाश रहता है तब तक उसमें रहने वाली ऊष्ण किरणों के प्रभाव से हमारा पाचन तन्त्र ठीक काम करता है। सूर्यास्त होते ही उसकी गतिविधि मंद पड़ जाती है तथा अनेक रोगों की सम्भावना बढ़ जाती है। सूर्य से निकलने वाली अदृश्यमान Ultra Violet Rays का प्रभाव समस्त प्राणियों पर पड़ता है। इन किरणों में कीटाणुओं को नष्ट करने की शाक्ति होती है। इन्ही से विटामिन D की उत्पत्ति होती है। फलस्वरूप ये मानव शरीर को रोग उत्पन्न करने वाले कीटाणुओं से मुकाबला करने योग्य बनाती हैं। चर्मरोग, गठिया रोग जैसे रोगों का निदान सूर्य से ही सम्भव है।[२४] रात्रिभोज में दृश्यमान तथा अदृश्यमान अनेक दोष है [२५] जिसमें जलोदर आदि रोग की उत्पत्ति की सम्भावना होती है। [२६]

जैन शास्त्रकारों के अनुसार रात्रि में जीवों का संचार अधिक बढ़ जाता है और कृत्रिम प्रकाश में रात्रि में दिन के समान दिखाई नहीं देता। फलस्वरूप भोजन में गिरने वाले जीवों का भोजन के साथ भक्षण करने से अनेक भयानक रोग हो जाते हैं। [२७]

अत: अहिंसाणुव्रत की रक्षा के लिए और मूल गुणों को निर्मल बनाने के लिए धीर व्रती को मन, वचन एवं कार्य से जीवन-पर्यन्त के लिए रात्रि में चारों प्रकार (अन्न, पान, खाद्य, लेह्य) का त्याग करना चाहिए। आचार्य अमृतचन्द्र ने अपने पुरुषार्थ सिद्धयुपाय में ५ अणुव्रतों का कथन करने के पश्चात् रात्रि भोजन के त्याग का कथन किया है और आचार्य अमितगति ने अपने श्रावकाचार में अणुव्रतों से पहले रात्रिभोजन का निषेध किया है। पं0 आशाधर ने पाक्षिक और अहिंसाणुव्रती नैष्ठिक के कथन में रात्रिभोजन त्याग का कथन किया है। पाक्षिक श्रावक रात्रि में जल, औषधि ले सकता है [२८] किन्तु अहिंसाणुव्रत का पालक व्रती नैष्ठिक रात्रि में यावज्जीवन के लिए मन, वचन, काय से अन्न, पान, खाद्य और लेह्य-चारों प्रकार के आहार का त्याग करता है। इस तरह पाक्षिक और नैष्ठिक के रात्रि भोजन त्याग में महती अन्तर है। रात्रि भोजन में जीवघात होता ही है साथ ही माँस-भक्षण का भी दोष लगता है। अत: इसके त्याग से अहिंसाव्रत की रक्षा होने के साथ-साथ मूलगुणों में भी निर्मलता आती है।[२९]अशुद्धता या विकार को उत्पन्न करने वाली वस्तुओं अर्थात् सम्पूर्ण परद्रव्यों को त्याग कर जब ज्ञानी आत्मा अपने स्वरूप में उपयोग को लगाता है तब वह अपराध से छूट जाता है, क्योंकि उसका पूर्ण बन्ध नष्ट हो जाता है। इस तरह भाव बन्ध (रागादिरूप) और द्रव्यबन्ध (ज्ञानावरणादि कर्म नोकर्म) दोनों से छूटकर अर्थात् अपराध मुक्त हो जाता है एवं मोक्ष को प्राप्त करता है[३०] जब उस स्व-पर का भेद ज्ञान हो जाता है तब धर्म के वास्तविक

---

२४. धर्मामृत १३.२७ — ह्रन्नाभिपद्मसंकोचश्चण्डरो चिरपायत:।
अतो नक्तं न भोक्तव्यं सूक्ष्मजीवादनादपि।।

२५. अथर्ववेद, ८.१.५: — सूर्यस्ते तन्वे शं तपाति त्वां मृत्युर्दयतां मा प्र मेष्ठा:।

२६. योगशास्त्र, ३.४९ — घोरान्धकार रुद्धाक्ष्यै: पतन्तो यत्र जन्तव:।
नैव भौज्ये निरीक्ष्यन्ते तत्र भुञ्जीत को निशि।।

२७. सागर धर्मामृत १३ (१४).२५ — जलोदरादिकृद्यूकाद्यङ्कमप्रेक्ष्यजन्तुकम्।
प्रेताद्युच्छिष्टमुत्सृष्टमप्यश्नन्निश्यहो सुखी।।

२८. द्र0- योगशास्त्र, ३.५०-५२

२९. रत्नकरण्ड श्रावकाचार, १४२: — अन्नं पानं खाद्यं लेह्यं नाश्नाति यो विभावर्याम्।
स च रात्रिभुक्तविरत: सत्त्वेश्वनुकम्पमानमना:।।

३०. द्र0- सागर धर्मामृत १३ (४)२४

रूप का ज्ञान हो जाता है और वह विवेकी जीव बुद्धि व श्रद्धा बल से हेय-उपादेय को जान कर आचरण करता हुआ संसार से मुक्त हो जाता है।[३१] पाक्षिक श्रावक के लिए धर्मामृत में कहा गया है कि गृहस्थ अपने आश्रित मनुष्य और तिर्यञ्चों को तथा आजीविका विहित अनाश्रित मनुष्य व तिर्यञ्चों को भी दिन में ही भोजन कराए तथा सूर्योदय तक रात्रि में औषध एवं जल को छोड़ कर सब प्रकार के आहार का त्याग करे।[३२] परन्तु छठी प्रतिमाधारी के लिए इन सबका भी त्याग है।[३३]

अहिंसा आदि व्रतों की रक्षा के लिए रात्रि को भोजन का त्याग छठी रात्रि भुक्ति त्याग प्रतिमा का छठा अणुव्रत है। वात्तपित्त कफ के कुपित हो जाने से उत्पन्न हुए रोग अल्पाहार से शान्त हो जाते हैं तथा परिमित भोगी प्रकाशस्वभाव परमात्म तेज को अथवा श्रुतज्ञान को प्राप्त करता है।[३४]

अत: जो जीवों पर दयायुक्त चित्र वाला होकर रात्रि में भी अन्न, जलादि खाद्य तथा लेह्य-इनका भक्षण नहीं करता वह रात्रि भुक्ति विरत नामक छठे पद (प्रतिमा) का धारी होता है।[३५] एक बार भोजन के साथ किया गया उपवास ही उत्तम है।[३६]

आचारशास्त्रों का उपदेश है कि ज्ञानसूर्य तथा इन्द्रियों से मार्ग की परीक्षा करके ४ हाथ आगे देख कर यति को योग्य देश काल में शुद्ध भिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। यह विधि रात्रि में नही बनती क्योंकि रात्रि को गमन नहीं हो सकता। इसलिए भी रात्रि भोज का निषेध किया जाता है।[३७]

इसलिए भोजन का समय दोपहर से पहले अथवा पश्चात् का है। अनुव्रती श्रावकों को सूर्य निकलने के पश्चात् आधे पहर तक तथा सूर्यास्त के आधे पहर पहले भोजन कर लेना चाहिए परन्तु रात्रि को नही।[३८] यहां तक कि रात्रि भोजन त्याग व्रत का पालन करने वाले श्रावक के दिन के अन्तिम और प्रथम मुहूर्त में भोजन करना भी दोष है।[३९] सूर्योदय व अस्त काल की तीन घड़ी छोड़ कर इसके मध्य काल में आहार करना चाहिए।[४०]

---

३१. लाटी संहिता, २.४२: निशिद्धमन्नमात्रदिस्थूल भोज्यं व्रते दृश:। न निशिद्धं जलाद्यन्न ताम्बूलाद्यापि वा निशि

३२. द्र0- सागर धर्मामृत १३ (४)२४ पर विशेषार्थ

३३. द्र0- पुरुषार्थसिद्धयुपाय, १३४ का भावार्थ

३४. पुरुषार्थसिद्धयुपाय,१३५: इत्यत्र त्रितयात्मनि मार्गे मोक्षस्य ये स्वहितकामा:। अनुपरतं प्रयतन्ते प्रयान्ति ते मुक्तिमचिरेण।।

३५. सागर धर्मामृत ११ (२) ७६ भूत्वाऽऽश्रितानवृत्याऽऽर्तान्कृपयाऽनाश्रितानपि भुञ्जीतान्ह्यम्बुभैष्ज्य ताम्बूलैलादि निश्यपि।

३६. सागर धर्मामृत १३ (४) २९ योऽत्ति त्यजन् दिनाद्यन्तमुहूर्त्तौ रात्रिवत् सदा। स वर्ण्येतोपवासेन स्वजन्मार्द्धं नयन् कियत्।

३७. आचारसार, ५.७०७१. व्रतत्राणाय कर्त्तव्यं रात्रिभोजनवर्जनम्।

३८. धर्मामृत ७.२५ शमयत्युपवासोत्थवातपित्तप्रकोपजा: रुजो मिताशी रोचिष्णु ब्रह्मवर्चसमश्नुते।

३९. द्र0 रत्नकरण्ड श्रावकाचार, सप्तम सल्लेखना अधिकार, १४२

४०. धर्मामृत, ७.१५ धारणे पारणे सैकभक्तो वर्यश्चतुर्विध:।

निष्कर्षत: जैन आम्नाय में रात्रि भोजन में त्रस हिंसा का भारी दोष माना गया है। कृत्रिम प्रकाश में दिखाई देने वाले भोजन भी जीवग्रस्त होता है। अत: अशुद्धता या विकार को उत्पन्न करने वाली वस्तुओं को अर्थात् सम्पूर्ण परद्रव्यों को छोड़ कर जब ज्ञानी आत्मा अपने निज स्वरूप में उपयोग को लगाता है तब वह अपराध से छूटता है तथा उसका पूर्ण बन्ध नष्ट होता है। इस तरह रागादि भावबन्ध तथा ज्ञानावरणादि कर्म–इन दोनों से छूटकर अर्थात् अपराध से मुक्त हो कर या शुद्ध निपराध हो कर मोक्ष प्राप्त करता है।

**– गुरु नानक महिला महाविद्यालय,**
**यमुनानगर, हरियाणा**

# योगान्तराया

-डॉ. हरीश

**योगेन चित्तस्य पदेन वाचां मलं शरीरस्य च वैद्यकेन ।**
**योऽपाकरोत्तं प्रवरं मुनीनां पतञ्जलिं प्राञ्जलिरानतोऽस्मि॥**[१]

योगदर्शन में चित्त अथवा मन की केन्द्रीय भूमिका है-

**मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः। बन्धाय विषयासक्तं मुक्त्यै निर्विषयं स्मृतम् ॥**

अर्थात् मन ही मनुष्य के बन्धन और मोक्ष का कारण है। यदि यह विषयासक्त हो तो बन्धन और निर्विषय होने पर मुक्ति दिलाता है। मन के विषय में और भी कहा गया है - **'मन के हारे हार है मन के जीते जीत'।** मन सङ्कल्प-विकल्पात्मक है - **'सङ्कल्प-विकल्पात्मको मनः'।**

योगदर्शन में चित्त के नव अन्तरायों का परिगणन किया गया है। ये अन्तराय योग अथवा समाधि के अन्तराय, विक्षेपक, विघ्न अथवा बाधक भी कहलाते हैं --

**व्याधिस्त्यानसंशयप्रमादालस्याविरतिभ्रान्तिदर्शनालब्धभूमिकत्वानवस्थितत्वानि चित्तविक्षेपास्तेऽन्तरायाः।** ये नवविघ्न इस प्रकार हैं -

१) व्याधि - **तत्र व्याधिर्धातुरसकरणवैषम्यम्**[४] - धातु, रस तथा इन्द्रियों की विषमता।

२) स्त्यान - चित्त की अकर्मण्यता अथवा सत्य कर्मों में अप्रीति।

३) संशय - एक विषय में दो प्रकार का परस्पर भिन्न-भिन्न ज्ञान अर्थात् यह पदार्थ ऐसा है अथवा ऐसा नहीं है।

४) प्रमाद - यम-नियमादि समाधि के साधनों का आचरण न करना अथवा महत्त्वहीन समझकर उपेक्षा करना।

५) आलस्य - शरीर या चित्त के भारीपन के कारण योगाभ्यास में प्रवृत्त न होना।

६) अविरति - वैराग्य का अभाव अथवा विषयों में राग।

७) भ्रान्तिदर्शन - विपरीत ज्ञान।

८) अलब्धभूमिकत्व - समाधि की प्राप्ति न होना।

९) अनवस्थितत्व - समाधि प्राप्त होने पर भी पुनः चित्त का स्थिर न होना।

ये नवविघ्न चित्तवृत्तियों के साथ होते हैं तथा इनके होने पर प्रमाणादि चित्तवृत्तियाँ नहीं होती हैं -

**सहैते चित्तवृत्तिभिर्भवन्ति। एतेषामभावे न भवन्ति पूर्वोक्ताश्चित्तवृत्तयः।**[५]

चित्त पाँच वृत्तियों अथवा व्यापारों से युक्त रहता है -- प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा व स्मृति -- **प्रमाणविपर्ययविकल्पनिद्रास्मृतयः**[६]। ये चित्त की ज्ञानात्मक वृत्तियाँ हैं। ये चित्त-वृत्तियाँ भी क्लिष्ट व

१. रामभद्रदीक्षिताचार्य- पतञ्जलिचरित
२. ब्रह्मबिन्दूपनिषद् -२
३. योगदर्शन- समाधिपाद : सूत्र. ३०
४. योगदर्शन- समाधिपाद : सूत्र. ३० : व्यासभाष्य
५. योगदर्शन- समाधिपाद : सूत्र. ३० : व्यासभाष्य
६. योगदर्शन- समाधिपाद : सूत्र. ६

अक्लिष्ट भेद से दो प्रकार की हैं- **वृत्तयः पञ्चतय्यः क्लिष्टाक्लिष्टाः।**[७]

पातञ्जल-योग-दर्शन में **अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष व अभिनिवेश 'पञ्च-क्लेश' कहे गए हैं।** इन्हीं को तमस्, मोह, महामोह, तामिस्र, अन्धतामिस्र नाम से भी कहा जाता है। क्लेश अथवा अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष व अभिनिवेश-जन्य वृत्तियाँ क्लिष्ट व इतर चित्त-वृत्तियाँ अक्लिष्ट हैं।

क्लिष्ट-वृत्तियाँ कर्माशय प्रचय का कारण बनती हैं व बन्धन में डालती हैं। अक्लिष्ट-वृत्तियों में छिद्र अथवा शिथिलता होने पर भी अक्लिष्ट-वृत्तियाँ क्लिष्ट हो जाती हैं।

**क्लेशहेतुकाः कर्माशयप्रचय क्षेत्रीभूताः क्लिष्टाः। अक्लिष्टच्छिद्रेषु क्लिष्टा इति।**[८]

अक्लिष्ट-वृत्तियाँ विवेक-ख्याति को प्रदान करने वाली होती हैं अर्थात् जड़-पदार्थ को जड़-पदार्थ के रूप में व चेतन-तत्व को चेतन-तत्व के रूप में बोध कराने वाली होती हैं। क्लिष्ट-वृत्तियों के प्रवाह में पड़ने पर भी अक्लिष्ट-वृत्तियाँ अक्लिष्ट ही रहती हैं व क्लिष्ट-वृत्तियों में छिद्र अथवा शिथिलता होने पर भी क्लिष्ट-वृत्तियाँ अक्लिष्ट हो जाती हैं। अक्लिष्ट-वृत्तियाँ मुक्ति का कारण बनती हैं -

**ख्यातिविषया गुणाधिकारविरोधिन्योऽक्लिष्टाः, क्लिष्टप्रवाहपतिता अप्यक्लिष्टाः,**
**क्लिष्टच्छिद्रेष्वप्यक्लिष्टा भवन्ति।**[९]

उपर्युक्त नवविघ्नों के साथ-साथ दुःखादि उपविघ्न भी विक्षेपों के साथ विद्यमान रहते हैं - **दुःखदौर्मनस्याङ्गमेजयत्वश्वासप्रश्वासा विक्षेपसहभुवः।**[१०] ये उपविघ्न हैं -

१) दुःख - आध्यात्मिक, आधिभौतिक तथा आधिदैविक - ये तीन प्रकार के दुःख ।

२) दौर्मनस्य - इच्छापूर्ति न होने पर चित्त का क्षोभ।

३) अङ्गमेजयत्व - क्रोधादि के कारण अङ्गों का कम्पन।

४) श्वास-प्रश्वास - प्राणायाम करते समय इच्छा के विरुद्ध विशेषरूप से गतिपूर्वक श्वास का अन्दर आना श्वास है। इसी प्रकार, प्राणायाम करते समय इच्छा के विरुद्ध विशेषरूप से गतिपूर्वक श्वास का बाहर निकलना प्रश्वास है ।

## योगान्तरायों को दूर करने के उपाय

ये सभी विक्षेप समाधि के प्रतिपक्ष अथवा विरोधी हैं । ये अभ्यास और वैराग्य के द्वारा ही निरोध करने योग्य हैं - **अभ्यासवैराग्याभ्यां तन्निरोधः।**[११] चित्तरूपी नदी दो धाराओं में बहती है - कल्याण के लिए और पाप के लिए। जो धारा कैवल्य की ओर ले जाने वाली एवं विवेक-मार्ग की ओर झुकी हुई हो, वह कल्याण के लिए बहती है। जो धारा संसार की ओर ले जाने के सामर्थ्य से युक्त, अविवेक विषय की ओर झुकी हुई हो, वह पापवहा है। इन दोनों में से वैराग्य के द्वारा अविवेक विषयवाली धारा सुखाई जाती है। विवेकदर्शन के अभ्यास के द्वारा विवेकस्रोत उद्घाटित किया जाता है। इस प्रकार, चित्तवृत्ति-निरोध, अभ्यास और वैराग्य के आधीन है।

---

७. योगदर्शन- समाधिपाद : सूत्र. ५

८. योगदर्शन- समाधिपाद : सूत्र. ५ व्यासभाष्य

९. योगदर्शन- समाधिपाद : सूत्र. ५ व्यासभाष्य

१०. योगदर्शन- समाधिपाद : सूत्र. ३.१

११. योगदर्शन- समाधिपाद : सूत्र. १२

उन अभ्यास और वैराग्य में से, जो चित्त की स्थिति के लिए प्रयत्न किया जाता है, वह **अभ्यास** है– **तत्र स्थितौ यत्नोऽभ्यासः।**[१२] राजस् और तामस् वृत्तियों से रहित चित्त का तरङ्गों से रहित होकर प्रशान्त बहना स्थिति है। उसको सम्पन्न करने के लिए साधन –प्रयत्न, बल और उत्साह है। उस स्थिति को सम्पन्न करने की इच्छा से उसके साधनों का अनुष्ठान करना अभ्यास है। वह अभ्यास तो दीर्घकाल तक, निरन्तर, तपस्या, ब्रह्मचर्य, विद्या और श्रद्धापूर्वक किया गया सत्कारवान् अभ्यास दृढ़ अवस्था वाला होता है, व्युत्थान संस्कार के द्वारा तत्काल अभिभूत न होने वाला होता है– **स तु दीर्घकालनैरन्तर्यसत्कारासेवितो दृढभूमिः।**[१३]

वैराग्य दो प्रकार का है– अपर वैराग्य एवं पर वैराग्य। इनमें से, वर्त्तमान जीवन में अनुभव किये हुए और सुने हुए विषयों की तृष्णा से रहित योगी की मन, इन्द्रियों पर पूर्ण वशीकार की अनुभूति अपरवैराग्य है– **दृष्टानुश्रविकविषयवितृष्णस्य वशीकारसञ्ज्ञा वैराग्यम्।**[१४]

स्त्री, अन्न, पान, ऐश्वर्यादि **दृष्टविषय** हैं। स्वर्ग, विदेह बनने की इच्छा और प्रकृतिलयत्व आदि आनुश्रविकविषय हैं। इन सबमें तृष्णारहित तथा दिव्यादिव्य विषयों के साथ सम्बन्ध होने पर भी उनमें विषय दोषदर्शी चित्त की प्रसंख्यान के बल से जो अनाभोगात्मक हेयोपादेय से शून्य वशीकार अनुभूति अर्थात् मन–इन्द्रियों को वश में करने का अनुभव अपर वैराग्य कहलाता है। अपर वैराग्य सम्प्रज्ञात समाधि का उपाय है।

सम्प्रज्ञात समाधि का अभ्यास करते–करते जब उसकी उन्नत अवस्था आ जाती है तो उसे धर्ममेघ समाधि कहते हैं । इस धर्ममेघ समाधि में पुरुषख्याति रहती है, जिसे सत्वपुरुषान्यताख्याति भी कहते हैं। धर्ममेघ समाधि को प्राप्त योगी उसमें भी दोष देता है क्योंकि सत्वपुरुषान्यताख्याति सत्वगुण का धर्म है। सत्वगुण परिवर्तनशील और तमोगुण, रजोगुण से सम्बद्ध है। वह देता है कि जीवात्मा तीनों गुणों के विकार से पृथक् है। इस प्रकार दोष देने से, गुणमात्र से परवैराग्य उत्पन्न होता है। परवैराग्य से ही असम्प्रज्ञात समाधि सिद्ध होती है, जिससे ईश्वर का साक्षात्कार होता है – **तत्परं पुरुषख्यातेर्गुणवैतृष्ण्यम्।**[१५]

इन सभी विघ्नों–उपविघ्नों के विनाश के लिए एक तत्व ईश्वर का पुनः–पुनः अभ्यास अथवा उपासना करनी चाहिये – **तत्प्रतिषेधार्थमेकतत्वाभ्यासः ।**[१६]

योगदर्शन में अविद्यादि पञ्च–क्लेश, शुभाशुभ मिश्रित कर्म, कर्मों के फल अर्थात् सुख–दुःख, व उनके भोगों के संस्कार, इन सबसे अपरामृष्ट –सम्बन्धरहित–जीवों से भिन्न स्वभाववाला चेतनविशेष ईश्वर है– **क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः।**[१७] इस ईश्वर में अतिशय सर्वज्ञता का बीज है। अर्थात् न तो किसी में ईश्वर के ज्ञान के तुल्यज्ञान है और न ही उससे अधिक। वह ईश्वर भूत–भविष्यत्–वर्त्तमान में उत्पन्न होने वाले सब गुरुओं का भी गुरु है, काल के द्वारा मृत्यु को प्राप्त न होने से–**पूर्वेषामपि गुरुः कालेनानवच्छेदात्**।[१८] उस ईश्वर का वाचक नाम ओम् है – **तस्य वाचकः प्रणवः।**[१९] इस ओम् का जप और

१२. योगदर्शन – समाधिपाद : सूत्र.१३
१३. योगदर्शन – समाधिपाद : सूत्र.१४
१४. योगदर्शन – समाधिपाद : सूत्र.१५
१५. योगदर्शन – समाधिपाद : सूत्र.१६
१६. योगदर्शन – समाधिपाद : सूत्र.३२
१७. योगदर्शन – समाधिपाद : सूत्र.२ ४
१८. योगदर्शन – समाधिपाद : सूत्र.२७
१९. योगदर्शन – समाधिपाद : सूत्र.२८
२०. योगदर्शन – समाधिपाद : सूत्र.२८

उसके अर्थ ईश्वर की भावना करनी चाहिए – **तज्जपस्तदर्थभावनम्।**[२०] इसी से ही जीवात्मा के स्वरूप का दर्शन और विघ्नों का अभाव होता है – ततः प्रत्यक्चेतनाधिगमोऽप्यन्तरायाभावश्च।

चाहिए –**तज्जपस्तदर्थभावनम्।** इसी से ही जीवात्मा के स्वरूप का दर्शन और विघ्नों का अभाव होता है – **ततः प्रत्यक्चेतनाधिगमोऽप्यन्तरायाभावश्च।**[२१]

**उपसंहार**

इस प्रकार निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि मनुष्य-जीवन का प्रयोजन सुख-प्राप्ति व दुःख-निवृत्ति है, जो योग से ही सम्भव है-**योगो भवति दुःखहा।**[२२] यदि हम उपर्युक्त उपायों से योगान्तरायों को दूर कर जीवन-मुक्तावस्था से मुक्ति को भी प्राप्त कर लें, तो मनुष्य के जीवन का लक्ष्य पूर्ण हो जाता है।

श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान् श्रीकृष्ण का साक्षात् कथन है कि यद्यपि मन अत्यन्त चञ्चल है व कठिनता से वश में होने वाला है, किन्तु अभ्यास और वैराग्य से इसे वश में किया जा सकता है –

**असंशयं महाबाहो मनो दुर्निग्रहं चलम्। अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते॥**[२३]

अस्तु, जीवात्मा जीवन-मृत्यु-चक्र से मुक्ति को प्राप्त हो, ऐसी सर्वविध शान्ति की मङ्गलकामना है –

स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्तिनः पूषा विश्ववेदाः

**स्वस्तिनस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्तिनो बृहस्पतिर्दधातु।**[२४]

॥ तत्सत् ॥

**सन्दर्भ-ग्रन्थ-सूची**

१. पातञ्जल-योगदर्शन (महर्षि पतञ्जलि) -- (व्यास-भाष्य सहित), (सम्पादक) डॉ. सुरेशचन्द्र श्रीवास्तव, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, २००२.

२. **श्रीमद्भगवद्गीता**- गीताप्रेस, गोरपुर.

३. **वेदान्तसार (सदानन्दयोगी)** - (व्याख्याकार) पं. तारिणीश झा.

४. **यजुर्वेद संहिता** --(सम्पादक) पं. श्रीराम शर्मा आचार्य व भगवती देवी शर्मा, ब्रह्मवर्चस, शान्तिकुञ्ज, हरिद्वार, उत्तर प्रदेश, पञ्चम आवृत्ति१९९७.

५. प्रवचन.

**- आचार्या, संस्कृत-विभाग,**
**किरोड़ीमल महाविद्यालय,**
**दिल्ली विश्वविद्यालय,**
**दिल्ली-११०००७**

२१. योगदर्शन – समाधिपाद : सूत्र.२९

२२. श्रीमद्भगवद्गीता : ६.१७

२३. श्रीमद्भगवद्गीता :- ६.३५

२४. यजुर्वेद -- २५.१९

# आकाशमण्डल में नक्षत्रों का स्वरूप

-डॉ. प्रीति कौशिक

**सारांशः**

''आकाशमण्डल में नक्षत्रों का स्वरूप'' इस लेख के अन्तर्गत आकाश में सुशोभित होने वाले नक्षत्रों के नाम, संख्या, गति, कर्म और गुण विषयक विचार प्रस्तुत किये गए हैं। नक्षत्रों के स्वरूप को जानने के लिए ऋग्वेद, यजुर्वेद,मणि बृहत्संहिता और मुहूर्तचिन्तामणि का प्रगाढ़ अध्ययन अपेक्षित हैं। यहाँ नक्षत्रों के भासरत्व पर भी चिन्तन किया गया है।

आकाशमण्डल विविध आकृतियों वाले नक्षत्रों से सुसज्जित है। नक्षत्रों के स्वरूप से परिचित होने के लिए सर्वप्रथम यह ज्ञात होना अपेक्षित है कि, नक्षत्र क्या है, उनके नाम क्या हैं, उनकी संख्या कितनी है, नक्षत्रों के क्या फल हैं और नक्षत्र कैसे गति करते हैं। आकाशमण्डल असंख्य तारों से परिपूर्ण है। कई ताराओं का समूह ही नक्षत्र है। नक्षत्रों के माध्यम से ही आकाश-मण्डल में दूरी नापी जाती है। जहाँ तक नक्षत्रों की आकृति का प्रश्न है, आकाश के विविध भाग में नक्षत्रों के विभिन्न रूप लक्षित होते हैं। वे ही नक्षत्र-मण्डल कहे जाते हैं। आकाश-मण्डल में तारों से जो कहीं सर्प, हस्त तो कहीं शकट और अश्व आदि की आकृतियाँ बन जाती हैं, वही नक्षत्र हैं। तैत्तिरीय ब्राह्मण में नक्षत्रों की आकृति को प्रजापति के रूप में स्वीकार किया गया है। तैत्तिरीय ब्राह्मण आकाश को पुरुष का आकार प्रदान करता है और स्वाति पुरुष का हृदय है।[१]

**"यो वै नक्षत्रिय प्रजापतिं वेद। उभयोरेन लोकयोर्विदु। हस्त एवास्य हस्त। चित्रा शिरं''**

**"निष्ठ्या उरू विशाखे। प्रतिष्ठानुराधा। एष वै नक्षत्रिय प्रजापति"**

प्राचीन युग में सामान्य - जन भी नक्षत्र ज्ञान से ज्ञानान्वित था और ज्योतिषशास्त्र का अर्थ नक्षत्र ज्ञान ही समझता था। उदयकाल में एक साधारण व्यक्ति यह जानता था कि, भरणी का चतुर्थ चरण सम्पात बिन्दु है। ऋग्वेद, अथर्ववेद, तैत्तिरीय श्रुति और वाजसनेयि संहिता, बृहत्संहिता और मुहूर्तचिन्तामणि में नक्षत्रों का विस्तृत स्वरूप अति श्लाघनीय है। ऋग्वेद संहिता के सातवें मण्डल में नक्षत्र-प्रकाश का परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा गया है कि नक्षत्र-प्रकाश रात्रि में लक्षित होता है और दिन में उसका अभाव होता है। ऋग्वेद में नक्षत्र वर्णन दर्शनीय हैं[२]।

**"वाजनावतो सूर्यस्य योषा चित्रा मधा राय ईशे वसूना,"**

यजुर्वेद में नक्षत्रों की संख्या सत्ताईस स्वीकार करके गन्धर्व की संज्ञा दी गई है। अथर्ववेद के अनुसार अठ्ठाईस नक्षत्र हैं[३]।

**"चित्राणि साकं दिवि रोचनानि सरीसृपाणि भुवने जवानि।''**

**"अष्टाविशं सुमतिमिच्छानो अहानि गोर्मि सपर्याभि नाकम्॥''**

**"सुहवं मे कृत्तिका रोहिणी चाऽस्तुभद्र मृगशिर शमाद्रा।''**

**"पुनर्वसू सूनृता चारू पुष्यो भानुराश्लेषा अतनं मधा मे॥''**
**"पुष्य पूर्वाफाल्गुन्यो चात्र हस्तश्चित्रा शिवा स्वाति सुखो मे।''**
**"अनुराधो विशाखे सुहनानुराधा ज्येष्ठा सुनक्षत्रमरिष्टं मूलम्॥''**
**"अन्न पूर्वा रासन्ता मे आषाढ़ा ऊर्जं ये द्युत्तर आ वहन्तु।''**
**"अभिजिन्मे रासता पुण्यमेव श्रवण, श्रविष्ठा कुर्वता सुपुष्टिम्॥''**
**"आ मे महच्छतभिषग्वरीय आ मे द्वय प्रोष्ठपदा सुशमं।''**
**"आ रेवती चाश्वयुजौ मग मे रयि भरव्य आ वहन्तु॥''**

वाजसनेयि संहिता, ऐतरेय संहिता और शतपथ ब्राह्मण में भी नक्षत्र और उनके देवताओं का प्रशंसनीय वर्णन प्राप्त होता है। तैत्तिरीय संहिता में नक्षत्रों के देवताओं का ही नहीं प्रत्युत् उनके वचन और लिंगो का भी परिचय प्रस्तुत किया गया है। यहाँ प्रकृत नक्षत्र-सारिणी अवलोकनीय है-

| नक्षत्र का नाम | देवता | लिङ्ग | वचन |
|---|---|---|---|
| कृत्तिका | अग्नि | स्त्रीलिङ्ग | बहुवचन |
| रोहिणी | प्रजापति | स्त्रीलिङ्ग | एकवचन |
| मृगशिररा | सोम | नपुंसक | एकवचन |
| आर्द्रा | रुद्र | स्त्रीलिङ्ग | एकवचन |
| पुनर्वसु | आदित्य | पुल्लिङ्ग | द्विवचन |
| पुष्य | बृहस्पति | पुल्लिङ्ग | एकवचन |
| आश्लेषा | सर्प | स्त्रीलिङ्ग | बहुवचन |
| मघा | पितृ | स्त्रीलिङ्ग | बहुवचन |
| हस्त | सविता | पुल्लिङ्ग | एकवचन |
| चित्रा | इन्द्र | स्त्रीलिङ्ग | एकवचन |
| स्वाति | वायु | स्त्रीलिङ्ग | एकवचन |
| विशाखा | इन्द्राग्नि | स्त्रीलिङ्ग | द्विवचन |
| अनुराधा | मित्र | स्त्रीलिङ्ग | बहुवचन |
| ज्येष्ठा | इन्द्र | स्त्रीलिङ्ग | एकवचन |
| मूल | निर्ऋति | स्त्रीलिङ्ग | एकवचन |
| पूर्वाषाढ़ा | अप् | स्त्रीलिङ्ग | बहुवचन |
| उत्तराषाढ़ा | विश्व | स्त्रीलिङ्ग | बहुवचन |
| अभिजित | ब्रह्म | नपुंसक | एकवचन |
| श्रवण | विष्णु | स्त्रीलिङ्ग | एकवचन |
| धनिष्ठा | वसु | स्त्रीलिङ्ग | बहुवचन |
| शतभिषा | इन्द्र या वरुण | पुल्लिङ्ग | एकवचन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रोष्ठपद | अज-एकपाद | पुल्लिङ्ग | बहुवचन |
| रेवती | पूषा | स्त्रीलिङ्ग | एकवचन |
| अश्विनी | अश्विन | स्त्रीलिङ्ग | द्विवचन |
| भरणी | यम | स्त्रीलिङ्ग | बहुवचन |

इन सभी नक्षत्रों के क्या फल हैं और क्या अफल, यह भी तैत्तिरीय श्रुति का प्रतिपाद्य विषय रहा है। शतपथ ब्राह्मण और ऐतरेय संहिता में इसी तरह नक्षत्रों का सविस्तार वर्णन मिलता है। ज्योतिषशास्त्र के अन्तर्गत सम्पूर्ण आकाश-मण्डल सत्ताईस भागों में विभाजित है। अतः आधुनिक काल में नक्षत्रों की संख्या सत्ताईस है। प्राचीन काल में नक्षत्रों की पञ्चाशत् थी। कुछ नक्षत्रों के नाम ग्रीक भाषा के और कुछ नक्षत्रों के नाम रोमन और अरबी भाषा के थे। तदनन्तर नक्षत्रों का नामकरण वैज्ञानिक पद्धति से किया जाता है। सम्पूर्ण आकाश जिन सत्ताईस भागों में विभक्त है, उनमें प्रत्येक भाग का नामकरण किया गया है। यहाँ सत्ताईस नक्षत्रों और उनके देवता का नाम उल्लेखनीय है। बृहत्संहिता और मुहूर्तचिन्तामणि के अन्तर्गत नक्षत्रों के नाम और उनके स्वामियों का प्रशंसनीय निरूपण किया गया है। प्रत्येक नक्षत्र अपने देवता से इस प्रकार सम्पन्न है:-

अश्विनी- अश्विनी कुमार, भरणी-काल, कृत्तिका-अग्नि, रोहिणी-ब्रह्मा, मृगशिर-चन्द्रमा, आद्रा-रूद्र, पुनर्वसु-अदिति, पुष्य-बृहस्पति, आश्लेषा-सर्प, मघा-पितर, पूर्वाफाल्गुनी-भग, उत्तराफाल्गुनी-अर्यमा, हस्त-सूर्य, चित्रा-विश्वकर्मा, स्वाति-पवन, विशाखा-शुक्राग्नि, अनुराधा-मित्र, ज्येष्ठा-इन्द्र, मूल-निऋति, पूर्वाषाढ़ा-जल, उत्तराषाढ़ा-विश्वदेव, अभिजित-ब्रह्मा, श्रवण-विष्णु, धनिष्ठा वसु, शतभिषा-वरूण, पूर्वभाद्रपद-अजैकपाद, उत्तराभाद्रपद-अहिर्बुघ्न्य और रेवती का पूषा देवता है[४]।

**"अश्वियमदहनकमलजशशिशूल भृददितिजीवफणि पितरः।''**
**" योन्यर्यादिनकृत्त्वष्टट्पवनशक्राग्निमित्राश्च॥"**
**" शक्रोनिऋर्तिस्तोयं विश्वे ब्रह्माहरिर्वसुर्ववरूणः।''**
**"अजपादोऽहिर्बुध्न्यः पूषा चेतीश्वरा भानाम्॥"**
**"बृहत्संहिता, द्वितीय खण्ड ,नक्षत्रगुर्णकर्मगुणाध्याय, "**

मुहूर्तचिन्तामणि के नक्षत्रप्रकरण में भी नक्षत्रों के नाम और उनके देवताओं का विशद वर्णन मिलता है[५]।

**"नासत्यान्तकवह्नि घातृशशभृद्रुद्रादितीज्योरगा"**
**"ऋक्षेशाः पितरो भगोऽर्यमरवित्वष्ट्राशुगा श्च  क्रमात्।''**
**"शक्राग्नी खलु मित्रशक्रनिऋर्तिक्षीराणि विश्वे"**
**"विधि र्गोविंदी वसुतोयपाजचरणाहिर्बुध्न्यपूषाभिधा॥''**

प्रत्येक नक्षत्र के भी चार भाग हैं, जिनकों चरण की संज्ञा दी जाती है। यहाँ नक्षत्रों के चरणाक्षर उल्लेखनीय हैं -

| **नक्षत्र का नाम** | **अक्षर** |
|---|---|
| अश्विनी | चू, चे, चो, ला |
| भरणी | ली, लू, ले, लो |
| कृत्तिका | आ, ई, उ, ए |

| | |
|---|---|
| रोहिणी | ओ, आ, वी, वू |
| मृगशिरा | वे, वो, का, की |
| आर्द्रा | कू, घ, ङ्, छ |
| पुनर्वसु | के, को, हा, ही |
| पुष्य | हू, हे, हो, डा |
| आश्लेषा | डी, डू, डे, डो |
| मघा | मा, मी, मू, मे |
| पूर्वा फाल्गुनी | मो, टा, टी, टू |
| उत्तरा फाल्गुनी | टे, टो, पा, पी |
| हस्त | पू, प्, ण, ठ |
| चित्रा | पे, पो, रा, री |
| स्वाती | रू, रे, रो, तो |
| विशाखा | ती, तू, ते, ता |
| अनुराधा | ना, नी, नू, ने |
| ज्येष्ठा | नो, या, यी, यू |
| मूल | ये, यो, भा, भी |
| पूर्वाषाढा | भू, धा, भा, ढ़ा |
| उत्तराषाढ़ा | भे, भो, जा, जी |
| श्रवण | खी,खू, खे, खो |
| धनिष्ठा | गा, गी, गू, गे |
| शतभिषा | गो, सा, सी, सू |
| पूर्वाभाद्रपद | से, सो, दा, दी |
| उत्तराभाद्रपद | दू, थ, झ, ञ |
| रेवती | दे, दो, चा, ची |

वराहमिहिर ने बृहत्संहिता के अन्तर्गत नक्षत्रकर्मगुणाध्याय में नक्षत्रों के नाम, कर्म और गुणों का विशद निरूपण किया है। वराहमिहिर ने तीन पद्यों में सत्ताईस नक्षत्रों के गुणों का अति नैपुण्य से वर्णन कर दिया है। सुप्रसिद्ध वराहमिहिर के अनुसार शिखि आश्विन का गुण शिखि, भरणी-तीन गुण-सत्व, रजस् और तमस्, कृतिका - मधुरादि षड् रस, रोहिणी-श्रोत्रादि पञ्चेन्द्रियाँ, मृगशिर-त्रयग्नियाँ, आद्रा-शशी, पुनर्वसु- शब्दादि पञ्चविषय, आश्लेष-शिशिरादि षड् ऋतुएँ, मधा-पञ्च, पूर्व फाल्गुनी-वसु आदि अष्ट देव, उत्तरफाल्गुनी'दो पक्ष, हस्त-पञ्चविषय, चित्रा-एक, स्वाति-चन्द्र, विशाा-पञ्चभूत, अनुराधा-चार समुद्र, ज्येष्ठा-अग्नियाँ, मूल-रूद्र, पूर्वाषाढ़-अश्विन, उत्तराषाढ़-अष्ट वसु देव, श्रवण-त्रयग्नियाँ, धनिष्ठा- पञ्चभूत, पूर्वभद्रपद-दो पक्ष, उत्तरभद्रपद-वसु आदि अष्ट देव, रेवती -बत्तीस देव है[५]।

**''शिगिुणरसेन्द्रियानलशशिविषयगुणर्तुपञ्चवसुपक्षाः।''**
**''विषयैकचन्द्रभूतार्णवाग्निरूद्राश्विवसुदहनाः॥''**
**''भूतशतपक्षवसवो द्वात्रिंशच्चेति अतारकामानम्।''**
**"क्रमशोऽश्विन्यादीनां कालस्ताराप्रमाणेन॥"**
**"नक्षत्रजमुद्वाहे फलमब्दैस्तारकामितै सदसत्।"**
**"दिवसैर्ज्वरस्य नाशो व्याधेरन्यस्य वा वाच्यः॥"**

मुहूर्तचिन्तामणि में नक्षत्रप्रकरण के अन्तर्गत पंचकसंज्ञक नक्षत्र, मूलसंज्ञक नक्षत्र, ध्रुव वर-उग्र-मिश्र-लघु-मृदु तीक्ष्णसंज्ञक नक्षत्र, अधोमुख संज्ञक, ऊर्ध्वमुखसंज्ञक, तिर्यङ्मुखसंज्ञक, दग्धसंज्ञक नक्षत्र और मासशून्य नक्षत्रों का सविस्तार निरूपण किया गया है। लोकव्यवहार में भी ऐसा प्रतीत होता है कि- सामान्य-जन कोई भी शुभ कार्य पञ्चक में नहीं सम्पन्न करता, क्योंकि धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वभाद्रपर, उत्तरभाद्रपद, और रेवती ये नक्षत्र पञ्चक दोष से दोषान्वित होते हैं। सभी नक्षत्रों का स्वरूप हमारे दैनिक जीवन में ही लक्षित होता है। दिन-प्रतिदिन के जीवन में ही हम सुनते हैं, अमुक शिशु का जन्म मूलों में हुआ है, इसका अर्थ है कि मूल गण्डान्त मूलसंज्ञक नक्षत्र की दशा में बालक का जन्म हुआ है। अतः सत्ताईस दिनों के उपरान्त, उस ही नक्षत्र के आने पर मूल शान्ति करायी जाती है। सत्ताईस दिनों में नक्षत्रों की स्थितिमें परिवर्तन होता रहता है। मुहूर्त्तचिन्तामणि के अन्तर्गत नक्षत्रों का समूहीकरण करके मूलादि संज्ञा से नामकरण किया गया है। ज्येष्ठा, आश्लेषा, रेवती, मूल, मघा और अश्विनी मूलसंज्ञक नक्षत्र की संज्ञा से आकाश-मण्डल में विराजित हैं।

उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा, उत्तराभाद्रपद और रोहिणी की ध्रुव संज्ञा है। स्वाति, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा, और शतिभिषा चर अथवा चलसंज्ञक, विशाख और कृत्तिका मिश्र संज्ञक हैं। हस्त, अश्विनी और पुष्य तथा अभिजित को लघु, मृगशिरा, रेवती, चित्रा और अनुराधा को मृदु, मूल, ज्येष्ठा, आर्द्रा और आश्लेषा को तीक्ष्ण अथवा दारूण की संज्ञा दी गई। मूल, आश्लेषा, विशाखा, कृत्तिका, पूर्वाफाल्गुनी, पूर्वापादा, पूर्वाभाद्रपद, भरणी और मघा इन अधोमुख की संज्ञा वाले नक्षत्रों की स्थिति में नींव खुदवाना शुभ होता है।

आर्द्रा, पुष्य, श्रवण, धनिष्ठा और शतभिषा ऊर्ध्वमुख की संज्ञा से सुशोभित हैं। अनुराधा, हस्त, स्वाति, पुनर्वसु, ज्येष्ठा और अश्विनी की तिर्यइमुख संज्ञा है। रविवार को भरणी, सोमवार को चित्रा, मंगलवार को उत्तराषाढ़ा बुधवार को धनिष्ठा, वृहस्पतिवार को उत्तराफाल्गुनी, शुक्रवार को ज्येष्ठा और शनिवार को रेवती की दग्धसंज्ञा होती है। इन नक्षत्रों में किसी भी शुभ कार्य के सम्पादन का निषेध किया गया है। चैत्र में रोहिणी और अश्विनी, वैशाख में चित्रा और स्वाति, ज्येष्ठा में उत्तराषाढ़ा और पुष्य, आषाढ़ा में पूर्वाफाल्गुनी और धनिष्ठा, श्रावण में उत्तरषाढ़ा और श्रवण, भाद्रपद में शतभिषा और रेवती, अश्विनी में पूर्वाभाद्रपद, कार्त्तिक में कृत्तिका और मधा मार्गशीर्ष में चित्रा और विशाखा, पौष में आर्द्रा, अश्विनी और हस्त, माघ में श्रवण और मूल तथा फाल्गुन में भरणी और ज्येष्ठा शून्य नक्षत्र है। मुहूर्त्तचिन्तामणि में नक्षत्रों के नाम और कार्य विशेषरूपेण दर्शनीय हैं।

नक्षत्रों के नाम, गुण और कर्म विषयक चिन्तन के उपरान्त नक्षत्रों की दूरी एवं भासरत्व भी विचारणीय है। यदि हम आकाश-मण्डल की ओर दृष्टिपात करें, तो नक्षत्र अतिलघु आकार वाले प्रकाशबिन्दु के समान

लक्षित होते हैं। नक्षत्रों का अत्यन्त लघु रूप सुदूरवर्ती होने के कारण दिखाई देता है। प्रायः नक्षत्र भी सूर्य समान ही हैं। सूर्य भी अति दूर प्रकाशित होता है, किन्तु समीपतम नक्षत्र की अपेक्षा पृथ्वी से सूर्य की दूरी कम है। सूर्य और चन्द्रमा दोनों नक्षत्रों की अपेक्षा समीप हैं[६]।

**'' उत्तरात्रयरोहिण्यो भास्करश्च ध्रुव स्थिरम्''**
**'' तत्र स्थिर बीजगेहशान्त्यारामसिद्धये॥''**
**'' स्वात्यादित्ये श्रुतेस्त्रीणि चन्द्रश्चापि चर चलम्।''**
**'' तस्मिन् गजादिकारोहो वाटिकागमनादिकम्॥''**
**'' पूर्वात्रय याम्यमधे उग्र क्रूर कुजस्तथा।''**
**'' तस्मिन् धाताग्निशाटयानि विपशस्त्रादि सिद्धयति॥''**
**'' विशााग्नेयमे सौम्यो मिश्र साधारण स्मृतम्।''**
**'' तत्राग्निकार्यमिश्र च वृषोत्सर्गादि सिद्धयति॥''**
**'' हस्ताश्विनपुष्याभिजितः क्षिप्र लघुगुरूस्तथा।''**
**'' तस्मिन्पव्यरतिज्ञानभूषाशिल्पकलादिकम्॥''**
**'' मृगान्त्यचित्रामित्रर्द्धा मृदुमै, भृगुस्तया।''**
**'' तत्रगीताम्बरक्रोडामित्रकार्य विभूषणम्॥''**
**'' मूलेन्द्रार्द्राहिम सौरस्तीक्ष्ण दारूणसंज्ञकम्।''**
**'' तत्राभिचारधातोग्रभेदाः पशुदमादिकम्॥''**

जहाँ तक नक्षत्रों के भासरत्व का प्रश्न है, आकाश–मण्डल में कुछ नक्षत्र तो चमकते हैं और कुछ धूमिल दिखाई देते हैं। सर्वप्रथम यूरोप में 'टालेमी'–महोदय ने चाक्षुष नक्षत्रों की छः कोटियाँ निर्धारित की। प्रथम कोटि में सर्वाधिक भासुरित नक्षत्रों की गणना की और अन्तिम कोटि में उन नक्षत्रों का चयन किया, जिनको दूरदर्शकयन्त्र से भी देखना सम्भव न हो। उन्होंने नक्षत्रों की चमक के आधार पर कोटियों में विभाजन किया। टालेमी महोदय के अनुसार जो नक्षत्र नेत्रों से ही दृष्टिगोचर हो जाते है, वे चाक्षुष नक्षत्र हैं। सप्तम कोटि में दूरदर्शकयन्त्र से लक्षित होने वाले नक्षत्रों की गणना की गई।

नक्षत्रों के स्वरूप का ज्ञान उनकी दूरी एवं गति के परिचय के अभाव में अपूर्ण है। एक स्थान से दूसरे स्थान की दूरी किलोमीटर में मापी जाती है, परन्तु ज्योतिर्विदों के अनुसार नक्षत्रों की दूरी पारसेक, प्रकाशवर्ष और ज्योतिप्रमापक द्वारा मापी जाती है। सामान्यरूपेण तो जनसाधारण में नक्षत्रों की दूरी मापकों में प्रकाशवर्ष ही अधिक प्रसिद्ध हैं। ज्योतिर्गणकों में ज्योतिः प्रमापक अति प्रचालित हैं।

नक्षत्र रात्रि में पूर्व से पश्चिम की ओर गतिमान होते है। सायंकाल में पूर्वक्षितिज में देदीप्यमान होने वाले नक्षत्र प्रातःकाल में पश्चिम क्षितिज में अस्त हो जाते हैं। नक्षत्रों की यह प्रथम और प्रतीयमान गति है। यद्यपि सभी नक्षत्रों की पारस्परिक दूरी समान है, परन्तु आज रात्रि में जो नक्षत्र दशमहोरा में याम्योत्तर का उलङ्घन करता है, वही एक मास में अष्टमहोरा में याम्योत्तर का उलङ्घन करेगा। यहाँ नक्षत्रों की प्रकृत गति भी वर्णनीय है।

नक्षत्रों की पारस्परिक दूरी धीरे-धीरे इतनी भिन्न हो जाती है, कि वेध से उनका मानलाभ दुष्कर हो जाता है परन्तु पुनः प्रत्यक्ष लक्षित होने लगते हैं। नक्षत्र तीव्रगति से गतिमय रहते हैं किन्तु दूर होने के कारण तीव्रगति जनित स्थान अति अल्प अनुभव होता है। अतः नक्षत्र चलायमान स्वीकृत हैं। आकाशमण्डल में नक्षत्रों की स्थिति में परिवर्तन स्वभाविक है, जो नक्षत्र आज 'क' स्थाने पर प्रकाशित हो रहा है, वह वर्ष के अन्त में नक्षत्र ' ' स्थान पर भासित होगा। आकाश में नक्षत्रों की गति का विश्लेषण दृक्सूत्र दिशा और दृक्सूत्रलम्ब दिशा में किया जा सकता है। दृक्सूत्रदिशा में नक्षत्रों की गति वेध से दुर्लभ है, क्योंकि जो वस्तु दृक्सूत्र में दूरी तय करती है, वह एक स्थाने पर ठहरी हुई-सी प्रतीत होती है।

यदि नक्षत्र दृक्सूत्रलम्बन दिशा में चलता है तब उसके स्थानभ्रंश की प्रतीति होती है और स्थानभ्रंश से कल्पित कोण वेध से प्राप्य है। यहाँ प्रथम विश्लेषण में दृक्सूत्रलम्ब दिशा में गति होने के कारण कोणीय गति प्राप्त की जाती है और द्वितीय विश्लेषण में दृक्सूत्र दिशा गमन में केन्द्र के उपसारित्व के कारण केन्द्रीय गति कहलाती है। आजकल तो प्रायः सभी चाक्षुष नक्षत्रों की प्रकृत गति की सूक्ष्मता से गणना की जाती है। 'बॉर्नाड' नामक प्रसिद्ध नक्षत्र शीघ्र-प्रकृतगतिक नक्षत्रों में सर्वाधिक अग्रगण्य है। सूर्य भी एक नक्षत्र है, अत एव वह आकाश में गतिमान है यद्यपि ग्रहों के दृष्टिकोण से सूर्य अचल है। ज्योतिर्विद्या में सूर्य की आकाश में गति की गणना अति महत्त्वपूर्ण है, अन्य नक्षत्रों की गति की गणना सूर्य की अपेक्षया ही की जाती है। आकाशमण्डल में सूर्य की गति की गणना के बिना अन्य नक्षत्रों की गति की वास्तविक गणना असम्भव है।

नक्षत्रों के नाम, संख्या, विभाजन, उनकी पारस्परिक दूरी, भासरत्व और गति उनके स्वरूप के श्लाघनीय परिचायक हैं7।

**"ज्योतिर्गणकेस्वेकमन्यत्प्रमापकमपि प्रचलितम्''।**

**उपसंहारः**

"आकाशमण्डल में नक्षत्रों का स्वरूप" यह लेख नक्षत्रों के क्या नाम हैं, उनकी कितनी संख्या है और वे आकाशमण्डल में कैसे गति करते हैं तथा कैसे चमकते हैं इत्यादि का विशद ज्ञान प्रस्तुत करता है। नक्षत्रों की भासरत्व प्रवृत्ति भी अपनी-अपनी अलग होती है कुछ नक्षत्र नहीं भी चमकते। एवञ्च नक्षत्रों का भासरत्व भी अति रूचिपूर्ण प्रतीत होता है।

## सङ्केत सूची


१. तैत्तिरीय ब्राह्मण, १.५२

२. ऋ. सं., ७-७-५

३. अथर्ववेद सं., १९७

४. बृहत्संहिता, नक्षत्रकर्मगुणाध्याय, १-३

५. मुहूर्त्तचिन्तामणि, नक्षत्रप्रकरण,-1

६. मुहूर्त्तचिन्तामणि, २-२-७

७. अर्वाचीनं ज्योतिर्विज्ञानम् पृ.-२२६

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :

१. डॉ. जियालाल काम्बोज

२. ऋग्वेद, विद्यानिधि प्रकाशक, दिल्ली

३. अर्थर्ववेद, संहिता- डॉ. जियालाल काम्बोज, विद्यानिधि प्रकाशक

४. मुहूर्त्तचिन्तामणि - डॉ. सुरेश चन्द्र मिश्र, रंजन पब्लिकेशन्स, २०१७

५. बृहत्सहिंता (द्वितीय भाग), - डॉ. कृष्ण चन्द्र द्विवेदी, डॉ. हरिश्चन्द्रमणि त्रिपाठी, वाराणसी, १९९७

६. अर्वाचीन ज्योतिर्विानम्, श्रीरमानाथ सहाय, डॉ. हरिश्चन्द्रमणि त्रिपाठी, सम्पूर्णानन्द, संस्कृत - विश्वविद्यालय, १९९६ वाराणसी

**-सहाचार्य**
**जाकिर हुसैन महाविद्यालय, (सान्ध्य)**
**दिल्ली विश्वविद्यालय**

एक साहित्यिक त्रैमासिक पत्रिका

एवं

समकालीन साहित्य के रचनात्मक मूल्यांकन की जीवन्त प्रस्तुति

तथा

सम्पूर्ण देश के प्रसिद्ध साहित्य-साधकों के साथ-साथ नवोदित प्रतिभाओं
की सशक्त लेखनी की संयुक्त प्रस्तुति

# " संस्कृत मञ्जरी"

(आई.एस.एस.एन-2278-8360)

संस्कृत भाषा और साहित्य के प्रचार-प्रसार हेतु सतत प्रयत्नशील दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार द्वारा प्रकाशित एक ऐसी सम्पूर्ण साहित्यिक पत्रिका जो सहज मानवीय संवदेनाओं, शोध-निबन्धों तथा उदात्त जीवन-मूल्यों का अनूठा संगम और प्रत्येक वर्ग के पाठक-समुदाय की अपेक्षा के अनुकूल पठनीय एवं संग्रहणीय है।

मूल्यः- एक प्रति रु. 25/- मात्र, वार्षिक सदस्यता शुल्क रु.100/- मात्र

सुरुचि सम्पन्न स्वस्थ सकारात्मक अभिव्यक्ति की संवाहिका

# " संस्कृत मञ्जरी"

**के स्थायी अध्येता बनें।**

आज ही अपना वार्षिक सदस्यता अन्तर्जाल माध्यम ( online ) से, मनिआर्डर अथवा दिल्ली में भुनाये जाने योग्य बैंक ड्राफ्ट दिल्ली संस्कृत अकादमी के नाम से भिजवाकर सदस्यता प्राप्त करें। शुल्क मल्टी सिटी चैक द्वारा भी स्वीकार्य होगा।

पत्र व्यवहार का पता --

सचिव/ सम्पादक, दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार
प्लाट सं.-५ झण्डेवालान, करोलबाग, नई दिल्ली-११०००५
दूरभाष सं.- ०११-२३६३५५९२, २०९२०३६३

RNI No.
DELSAN/2002/8921

प्रकाशक एवं मुद्रक सचिव, दिल्ली संस्कृत अकादमी
के स्वामित्व में अकादमी के कार्यालय प्लाट सं.-५,
झण्डेवालान, करोलबाग, नई दिल्ली-११०००५
से प्रकाशित